**मुकाबले में दो बदमाश घायल**

कपूरथला, 28 मई (निस) पंजाब के कपूरथला के ढिलवां इलाके में मंगलवार सुबह पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी कपूरथला ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव लटियावाल के दो बदमाश हुकम सिंह और जोगा सिंह घूम रहे हैं।


दैनिक

# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी www.Bharatdeshhamara.com DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA


**पटना में युवक को गोली मारी, अपराधी बैखोफ**

पटना 28 मई (निस) पटना के रामकृष्ण नगर में मंगलवार को दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार दी। घटना चागड़ मोड़ पर हुई, जो थाने से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है।घटना के समय युवक बाइक से चागड़ मोड़ की ओर जा रहा था। तभी अपराधियों ने उसका बाइक से पीछा किया।


रजिस्ट्रेशन नं. पीबी/पीटीए ( 0273 )/2024-26 PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985 वर्ष 41 अंक 147 पटियाला वीरवार 29 मई 2025 मूल्य दो रुपए कुल पृष्ठ: 8 फोन : 0175-5061948, Posted at RMS Patiala E-mail:- bdhpatiala@gmail.com


## विभिन्न खरीफ फसलों की एमएसपी में वृद्धि, मोदी सरकार के पांच बड़े फैसले, ब्याज सहायता योजना भी स्वीकार

### नए हाईवे एवं रेल परियोजनाओं को मिली मंजूरी, किसान क्रेडिट कार्ड में अधिक सुविधाएं मिलेंगी-अश्विनी



नई दिल्ली 28 मई (निस) केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 69 रुपये बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दी है। इस बात की जानकारी केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 सालों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में, खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। हर फसल के लिए लागत के साथ 50 फीसदी को भी ध्यान में रखा गया है। दालों की बात करें तो 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए तुअर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़कर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द का 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का 86 रुपये बढ़ाकर 8,768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। रामतिल, रागी, कपास और सेसम (तिल) के लिए एमएसपी में पिछले वर्ष की तुलना में उच्चतम पूर्ण वृद्धि की सिफारिश की गई है। खरीफ फसलों के 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर करने की घोषणा की गई थी। अश्विनी वैष्णव ने यह भी बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ब्याज सहायता योजना को मंजूरी दी है। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की गई थी। इससे किसानों के लिए कार्यशील पूंजी प्राप्त करना बहुत आसान हो गया था। ब्याज सहायता योजना के माध्यम से कार्यशील पूंजी की लागत कम हो गई है। प्रभावी रूप से, किसानों के लिए 4 फीसदी ब्याज पर 2 लाख तक का ऋण/पूंजी सुनिश्चित करने पर विचार किया गया है।

## आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक मुहिम को बड़ी कामयाबी, फ्रांस ने कहा-भारत बना अब महायोद्धा

### पनामा ने भी भारत की मुहिम का समर्थन किया, कहा-आतंकवाद इंसानियत विरोधी




नई दिल्ली 28 मई (निस) भारत द्वारा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में शुरू किए गए कूटनीतिक अभियान को बड़ी सफलता मिली है। हाल ही में भारत सरकार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल 33 देशों में भेजा, जिसमें फ्रांस और पनामा में हुई बैठकों ने खासा असर डाला है। इन दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का पुरजोर समर्थन किया है। पेरिस में बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस की संसद के उच्च सदन में उपराष्ट्रपति जैकलीन ब्रिनियो और भारत-फ्रांस मैत्री समूह के प्रमुख सांसदों से मुलाकात की। फ्रांस ने स्पष्ट कहा कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों को भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए । रविशंकर प्रसाद ने बताया कि फ्रांसीसी सांसदों ने भारत की चिंता को गंभीरता से लिया और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक प्रतिक्रिया की ज़रूरत को स्वीकार किया।प्रतिनिधिमंडल में प्रियंका चतुर्वेदी (शिवसेना), एम. जे. अकबर, गुलाम अली खटाना, डॉ. अमर सिंह (आप), समिक भट्टाचार्य (भाजपा), एम. थंबीदुरई पंकज सरन (पूर्व NSA) आदि प्रमुख नेता शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल अब इटली के रोम की ओर रवाना हो गया है। वहीं दूसरी ओर, कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारत का दूसरा प्रतिनिधिमंडल पनामा पहुंचा। वहां संसद अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने भारत की स्थिति का समर्थन किया और थरूर को एक योद्धा का प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया। शशि थरूर ने बताया कि पनामा ने साफ कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रयासों में वे पूरी तरह साथ हैं। इस दौरान पनामा सिटी स्थित एक भारतीय मंदिर में सभी सांसदों ने एकसाथ पूजा की। खास बात ये रही कि झारखंड के मुस्लिम सांसद सरफराज अहमद भी साथ में मंदिर गए। उन्होंने भावुक होकर कहा- जब बुलाने वाले **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

### कमल हासन को राज्यसभा भेजेगी डीएमके

चेन्नई 28 मई (निस) अभिनेता से राजनेता बने कमल हासन संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में आने वाले हैं। दरअसल, तमिलनाडु में सत्ताधारी दल डीएमके ने खुलासा किया है कि राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में 4 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने कहा है कि एक सीट कमल हासन की पार्टी मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) को दे दी है। बता दें कि आगामी 19 जून को राज्यसभा के लिए द्विवार्षिक चुनाव होने हैं। डीएमके ने राज्यसभा चुनाव के लिए 3 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन को फिर से नामांकित किया है। इसके अलावा डीएमके के दो अन्य उम्मीदवार सलेम से पार्टी के नेता एसआर शिवलिंगम तथा कवि, लेखक और पार्टी पदाधिकारी रुकय्या मलिक उर्फ ??कविगनर सलमा को बनाया। बता दें कि तमिलनाडु से आने वाले 6 राज्यसभा सांसद आगामी 24 जुलाई 2025 को रिटायर हो जाएंगे। रिटायर होने वाले नेताओं में पीएमके के अंबुमणि रामदास और एमडीएमके के शीर्ष नेता वाइको भी शामिल हैं।

### गुजरात समेत सीमावर्ती 4 राज्यों में गुरुवार को फिर होगी मॉक ड्रिल

अहमदाबाद 28 मई(निस)यूं तो भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम हो चुका है, हांलाकि दोनों देशों के बीच तनाव बरकरार है7 वैसे भारतीय सेना पड़ोसी पाकिस्तान को माकूल जवाब देने को पूरी तरह मुश्तैद है देश के लोगों को भी किसी भी हालात में सतर्क रखने के लिए कल यानी गुरुवार को फिर एक बार मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है इसके अंतर्गत देश के चार सीमावर्ती राज्य गुजरात, पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में मॉक ड्रिल की जाएगी7 जिसमें शाम 5 से 8 बजे तक सिविल डिफेंस द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। लोगों को युद्ध की स्थिति के बारे में जागरूक किया जाएगा। गत 7 मई को गुजरात में कुल 19 स्थानों पर यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई थी। जिसमें सूरत, वडोदरा, काकरापार पहली श्रेणी में, अहमदाबाद, भुज, जामनगर, भावनगर, कांडला, नलिया, अंकलेश्वर, गांधीनगर, ओखा, वाडिनार दूसरी श्रेणी में और तीसरी श्रेणी में मेहसाणा, नर्मदा, भरूच, डांग, कच्छ और नवसारी जिले शामिल थे। गुजरात ही नहीं बल्कि केन्द्र सरकार ने 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल करने की घोषणा की थी। दूसरी ओर 6-7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई कर दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया।

## विश्व के बीस देशों में फैला कोरोना, भारत में मामले 1200 के पार, चंडीगढ़ में एक मरीज की मौत



नई दिल्ली 28 मई (निस) देश में एक बार फिर कोविड-19 मामलों में इजाफा देखा जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देशभर में सक्रिय मामलों की संख्या 1200 के पार पहुंच गई है। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य केरल है, जहां 430 केस सामने आए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में 208, और दिल्ली व कर्नाटक में 100 से अधिक संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों में भी संक्रमण-पिछले 24 घंटे में बिहार में 6 और अरुणाचल प्रदेश में 1 नया मामला दर्ज किया गया है। कोविड मामलों में हो रही यह बढ़ोतरी छ्ठ्ह.1 वेरिएंट के चलते बताई जा रही है, जो कि ओमिक्रॉन का सब-वेरिएंट है।

कोरोना से पंजाब में एक मरीज की मौत-पंजाब के चंडीगढ़ में कोरोना से एक व्यक्ति की पहली मौत की पुष्टि हुई है। लुधियाना निवासी 40 वर्षीय मरीज को सांस लेने में दिक्कत के चलते ॥-32 में भर्ती कराया गया था। कोविड जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

विशेषज्ञों की क्या है राय?- पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि .1 वेरिएंट, ओमिक्रॉन के .2.86 स्ट्रेन का हिस्सा है और इसे %पिरोला% भी कहा जाता है। इसमें लगभग 30 म्यूटेशन हैं, जो इसे अधिक संक्रामक बनाते हैं और इम्यून सिस्टम को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वेरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं है।

20 से ज्यादा देशों में फैला कोरोना- विश्व स्वास्थ्य संगठन के ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत समेत 20 से ज्यादा देशों में फिर से कोरोना वायरस के मामले सामने आ रहे हैं। हर दिन लगातार संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है। भारत में कोरोना के एक्टिव केस की गिनती 1200 तक पहुंच गई है।

**भारत में कोरोना की स्थिति**

देशभर में कोरोना के एक्टिव केस 1200 **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## एलएसी पर कड़ी नजर, नैनो ड्रोन भी तैनात किए जा रहे



नई दिल्ली, 28 मई (निस) पहलगाम में हुए आतंकी हमले और फिर ऑपरेशन सिंदूर के बाद जहां भारतीय सेना सीमा पर मुस्तैदी और सैन्य साजो-सामान के साथ डटी है। वहीं ईस्टर्न लद्दाख में लॉइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भी सेना पहले से तैनात है। सूत्रों के मुताबिक यहां से सैनिकों की तैनाती में कोई कमी नहीं की गई है। एलएसी पर हर वक्त कड़ी नजर रखी जाती है।

मीडिया रिपोर्ट में सेना सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर निगरानी दो तरीकों से की जा रही है। एलएसी पर नियमित गश्त के जरिए और फॉरवर्ड एरिया की निगरानी एरियल और दूसरे तकनीकी माध्यमों से की जा रही है। हाल ही में कैपेबिलिटी डिवेलपमेंट के लिए अलग-अलग तरह के टोही और मॉनिटरिंग उपकरणों पर जोर दिया जा रहा है और इसमें मानव रहित हवाई प्रणालियां भी शामिल हैं।

रिपोर्ट में सेना सूत्रों ने कहा कि ईस्टर्न लद्दाख में एलएसी पर 2020 की घटनाओं के बाद भारतीय सेना एक इंटिग्रेटेड इंटेलिजेंस और सर्विलांस ग्रिड बनाए हुए है। निगरानी क्षमता को नई पीढ़ी के उपकरणों की तैनाती कर और मजबूत किया गया है। ऐसे उपकरणों की तैनाती की गई है जो ज्यादा व्यापक और निरंतर निगरानी कर सकें। निगरानी और टोही क्षमता बढ़ाने के लिए अडवांस्ड यूएएस जैसे मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्यूरेंस और मिनी रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट, सर्विलांस कॉप्टर्स, आरपीएवी खरीदे गए हैं। साथ ही निगरानी ग्रिड में नैनो ड्रोन और स्वार्म ड्रोन को भी शामिल किया है।


इसके साथ ही ईस्टर्न लद्दाख में संचार प्रणाली को भी बेहतर बनाया गया है। ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जा रही हैं और सैटलाइट बेस्ड कम्युनिकेशन रिसोर्स जोड़े जा रहे हैं।

## वरिष्ठ अकाली नेता सुखदेव सिंह ढींडसा का लंबी बीमारी उपरांत निधन



संगरुर 28 मई (निस) दरअसल, टकसाली अकाली नेता सुखदेव सिंह ढींडसा का निधन हो गया है। बता दें कि, वह शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक भी थे। मिली जानकारी के अनुसार सुखदेव सिंह ढींडसा पिछले कुछ समय से बीमार थे और उनका मोहाली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां आज शाम 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। गौरतलब है कि टकसाली अकाली नेता सुखदेव सिंह ढींडसा को 2019 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वह 2020 में अकाली दल से अलग हो गए थे। ढींडसा लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। ढींडसा ने 89 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। उनका जन्म 9 अप्रैल 1936 में हुआ था। उनके निधन की खबर से सियासी हलकों में शोक की लहर फैल गयी है। सीएम मान ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## ट्रम्प की धमकी-आप आग से खेल रहे हैं नतीजे भयानक होंगे, रुस ने कहा-तीसरे विश्व युद्ध का स्वागत है



मॉस्को 28 मई (निस) अमेरिका बिना बुलाया मेहमान और चौधरी बनने का मौका कहीं नहीं छोड़ता। कई बार उसे दो टूक जवाब भी मिल जाता है। हाल ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा कि वो आग से खेल रहे हैं और अगर स्थिति नहीं सुधरी तो रूस के लिए वाकई बहुत बुरी चीज़ें हो सकती हैं। इसके जवाब में रूस ने भी खुली धमकी दी है- हमें एक वाकई बुरी चीज पता है—तीसरा विश्व युद्ध! ट्रंप का बयान यूक्रेन युद्ध को लेकर पुतिन पर अमेरिका की कड़ी प्रतिक्रिया का हिस्सा है। बीते दिनों यूक्रेन में बड़े ड्रोन हमले के बाद ट्रंप ने पुतिन को पूरी तरह पागल तक कह दिया था। अमेरिका इस समय रूस पर नए प्रतिबंधों की तैयारी कर रहा है, और ऐसे में यह बयान कूटनीतिक दबाव बढ़ाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर लिखा, अगर मैं न होता तो रूस के लिए अब तक वाकई बहुत बुरा हो चुका होता। और मेरा मतलब वाकई बहुत बुरा है। पुतिन आग से खेल रहे हैं! पश्चिमी देशों ने पुतिन पर आरोप लगाया है कि वह जानबूझकर शांति वार्ताएं टाल रहे हैं, जबकि रूस का कहना है कि यूक्रेन उनके नागरिकों पर हमले कर रहा है और ये जवाबी कार्रवाई है। रूस ने हाल ही में अमेरिका पर यह आरोप भी लगाया कि वह कूटनीतिक समाधान को नाकाम करने की कोशिश कर रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप इस हफ्ते रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा कर सकते हैं।

## वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

नई दिल्ली, 28 मई (निस) वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने संशोधित वक्फ अधिनियम 1995



के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है। इसके साथ इस याचिका को 1995 के वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली लंबित याचिकाओं से जोड़ दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने ये नोटिस सरकार को दिया। पीठ निखिल उपाध्याय द्वारा 1995 अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान सीजेआई गवई ने याचिकाकर्ता के वकील अश्विनी उपाध्याय से पूछा कि 1995 अधिनियम को अब क्यों चुनौती दी जा रही है। इस पर वकील ने कहा कि हम 2013 के संशोधन को भी चुनौती दे रहे हैं। इसके बाद सीजेआई ने कहा कि इसमें भी 12 साल हो गए। हम देरी की वजह से केस खारिज कर देंगे।सुप्रीम कोर्ट पहले से ही 2020-21 में पूजा स्थल अधिनियम 1991 और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1992 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

## लैंड पुलिंग किसानों के लाभ एवं अवैध कालोनाइजरों के भ्रष्ट राज को खत्म करने के लिए-सीएम मान

**बिना सहमति किसी की ज़मीन नहीं ली जाएगी - मुख्यमंत्री का सख्त और साफ़ वादा**





पटियाला, 28 मई (निस)पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पटियाला में आप सरकार तुहाडे द्वार कार्यक्रम के दौरान लोगों से विस्तृत बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राज्य की लैंड पूलिंग नीति से जुड़ी चिंताओं और अफवाहों पर कहा कि यह योजना पारदर्शिता, समावेशिता और लोगों की सुविधा के लिए है। मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार जबरन भूमि अधिग्रहण नहीं कर रही है, बल्कि शहरी विकास परियोजनाओं के लिए किसानों और भू-मालिकों की सहमति से काम करेगी।इस पारदर्शी और जनहितैषी योजना के खिलाफ प्रचार करने और विपक्षी दलों द्वारा फैलाई गई अफवाहों का खंडन करते हुए सीएम मान ने कहा, कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि सरकार जबरन आपकी जमीन अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। मैं आज यह स्पष्ट करने के लिए यहां आया हूं कि हम किसी की भी जमीन उनकी सहमति के बिना नहीं लेंगे।मान ने पिछली सरकारों के दौरान किए गए भ्रष्टाचार पर प्रकाश डाला और भूमि अधिग्रहण के अपारदर्शी तरीके को उजागर किया। उन्होंने कहा, पहले सुखबीर बादल जैसे नेता योजनाओं को मंजूरी देते थे, फिर उन्हें अपने चहेते लोगों के साथ साझा करते थे, इसका नतीजा यह होता था कि कुछ लोग बड़े पैमाने पर जमीन खरीद कर मुनाफाखोरी करते थे, जबकि किसान और आम लोग नुकसान में रहते थे। अब वे दिन चले गए हैं। हम पारदर्शी और निष्पक्ष शासन के लिए प्रतिबद्ध हैं। लैंड पूलिंग क्या है?-सीएम मान ने पूलिंग नीति के मूल सिद्धांतों को समझाया, जो भूमि मालिकों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है।

स्वैच्छिक भागीदारी- भूमि मालिक खुद फैसला ले सकते हैं कि वे इस प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं या नहीं। जो लोग अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं, वे खेती या अन्य उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग जारी रख सकते हैं। गारंटेड रिटर्न योगदान किए गए प्रत्येक एकड़ के लिए भूमि मालिकों को विकसित शहरी क्षेत्रों में 1,000 वर्ग गज का आवासीय भूखंड और दुकानों या शोरूम के लिए 200 वर्ग गज का वाणिज्यिक स्थान मिलेगा। एक बार विकसित होने के बाद इन भूखंडों और स्थानों का बाजार मूल्य काफी अधिक होगा।

कोई अतिरिक्त लागत नहीं- सड़क, जल निकासी, बिजली और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी ढांचे सहित सभी विकास लागतें सरकार द्वारा वहन की जाएंगी।उदाहरण के लिए, यदि आपकी भूमि की कीमत आज ?1 करोड़ प्रति एकड़ है, तो बदले में आपको जो विकसित संपत्ति मिलेगी, उसकी कीमत ?3-4 करोड़ होगी। आप संपत्ति रख सकते हैं, इसे लगातार **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## भारत ने अमेरिका को टेरिफ कटौती का दिया प्रस्ताव, कृषि उत्पादों पर सख्ती बरकरार



नई दिल्ली 28 मई (निस) भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर हलचल तेज़ हो गई है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत कई उत्पादों पर आयात शुल्क (टैरिफ) में बड़ी कटौती की पेशकश की है। हालांकि भारत चाहता है कि कुछ खास कृषि उत्पादों जैसे अनाज और डेयरी पर ऊंचा आयात शुल्क बरकरार रखा जाए।क्या है भारत का प्रस्ताव?- भारत की कोशिश है कि 9 जुलाई से पहले अमेरिका के साथ एक मजबूत व्यापार समझौता हो जाए, ताकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित भारी टैरिफ से बचा जा सके। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बताया हम अमेरिका को कई सेक्टरों में गहरी टैरिफ कटौती का प्रस्ताव दे रहे हैं, लेकिन यह तभी संभव है जब दोनों पक्षों को बराबर फायदा हो। भारत उन क्षेत्रों में लचीलापन दिखा रहा है जो औद्योगिक या मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों से जुड़े हैं, लेकिन खाद्य अनाज, दूध और डेयरी जैसे संवेदनशील कृषि उत्पादों को लेकर भारत अब भी सख्त है।

ट्रंप का रुख-राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि यदि यूरोप और भारत ने व्यापार में रियायतें नहीं दीं तो वह 50त्न टैरिफ लागू करेंगे। हालांकि उन्होंने फिलहाल इसकी डेडलाइन 1 जून से बढ़ाकर 9 जुलाई कर दी है। सोशल मीडिया पर ट्रंप ने लिखा- मुझे उम्मीद है कि यूरोपीय देश और भारत, अमेरिका के साथ निष्पक्ष व्यापार के लिए अपने दरवाजे खोलेंगे। अगर ऐसा हुआ तो सभी को फायदा होगा। यूरोपीय संघ भी बातचीत में सक्रिय-यूरोपीय यूनियन (श्व) भी ट्रंप के भारी टैरिफ से बचने के लिए तेजी से व्यापार वार्ता कर रहा है। श्व के व्यापार प्रमुख मारोस सेफकोविच** इस वार्ता की अगुवाई कर रहे हैं। उनकी टीम का ध्यान सेमीकंडक्टर, ऑटोमोबाइल्स, दवाइयां (फार्मास्यूटिकल्स), एल्युमिनियम, नागरिक विमान क्षेत्रों पर है । श्व का लक्ष्य है कि व्यापारिक नियम सरल किए जाएं और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम किया जाए।

एप्पल और अन्य कंपनियों पर टैरिफ की चेतावनी-ट्रंप ने हाल में चेतावनी दी कि अगर Apple ने अमेरिका में iPhone का निर्माण शुरू नहीं किया, तो उस पर 25त्न टैरिफ लगाया जाएगा। यह चेतावनी Samsung जैसी अन्य कंपनियों पर भी लागू हो सकती है। इसलिए भारत और अमेरिका के बीच यह वार्ता काफी अहम है। अमेरिका अभी भी टैरिफ दबाव की रणनीति अपना रहा है।

# सम्पादकीय

## हिन्दुस्तानी छात्रों से अमेरिका को अरबों की कमाई

अमेरिका में 11 लाख से ज्यादा विदेशी छात्र पढ़ाई करने के लिए जाते हैं। इसमें लगभग 60 फीसदी भारतीय छात्र होते हैं। इन छात्रों द्वारा लाखों रुपए की फीस अमेरिका के शिक्षण संस्थानों को दी जाती है। विदेशी छात्रों की फीस से अमेरिका के शिक्षण संस्थानों को लाखों करोड़ों रुपए प्रतिवष की कमाई होती है। डोनाल्ड ट्रंप जब से अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने विदेशियों के बारे में जो राय बनाई है। उसके कारण अमेरिका का शैक्षणिक जगत समाप्त होने की कगार पर पहुंच रहा है। अमेरिका के शिक्षण संस्थानों के ऊपर डोनाल्ड ट्रंप की टेडी नजर है। ट्रम्प के कारण अमेरिका को आगे चलकर बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का सारी दुनिया में नाम है। यहां पर एडमिशन लेने के लिए दुनिया के सभी देशों से बच्चे यहां आकर पढ़ना चाहते हैं। ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक लगा दी। हालांकि अमेरिका के न्यायालय ने ट्रंप के आदेश को रद्द कर दिया है, लेकिन यह खतरा अभी टला नहीं है। ट्रंप सरकार का रवैया विदेशियों के लिए बहुत आक्रामक और अपमानजनक है। ट्रंप के रूख और फैसलों को देखते हुए, अब सारी दुनिया के देशों से अमेरिका में पढ़ने के लिए जो छात्र आते थे। उनकी संख्या में इस साल भारी गिरावट आई है। हाल ही में ट्रंप प्रशासन द्वारा विदेशी छात्रों के साथ जिस तरह की प्रताड़ना की जा रही है। छात्रों को अनाप-शनाप आरोपों में अमेरिका से निष्कासित किया जा रहा है। उसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया भारत सहित दुनिया के देशों में हुई है। ट्रंप सरकार का कहना है, अमेरिकी के विश्वविद्यालयों में यहूदी विरोधी नीतियां चलाई जा रही हैं। ट्रंप प्रशासन की इस कार्रवाई को अमेरिका में अभिव्यक्ति की आजादी से जोड़कर भी देखा जा रहा है। अमेरिका में यह आजादी अब खत्म होती दिखने लगी है। अमेरिका में सबसे ज्यादा छात्र भारत से पढ़ने के लिए जाते हैं। अमेरिका की जितनी भी यूनिवर्सिटी हैं, वह भारतीय विदेशी छात्रों के बल पर चल रही हैं। कई विश्वविद्यालय में 24 फ़ीसदी से लेकर 51 फीसदी तक विदेशी छात्र महंगी फीस देकर पढ़ रहे है। यह विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों के बल पर चल रहे हैं। अमेरिकी छात्रों की तुलना में विदेशी छात्रों से ज्यादा फीस वसूल की जाती है। पिछले 4 महीने में ट्रंप प्रशासन द्वारा जिस तरह से शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाया गया है। विदेशी छात्रों पर प्रताड़ना की कार्रवाई की जा रही है। उसको लेकर अमेरिका की साख दुनिया भर के देशों में अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा खराब हुई है। यदि यही हाल रहा तो अमेरिका के विश्वविद्यालय आर्थिक संकट के कारण स्वयं बंद हो जाएंगे। अमेरिकी सरकार ने विश्वविद्यालयों को मिलने वाले अनुदान में कटौती की है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय का तो पूरा अनुदान ही बंद कर दिया है। अमेरिका के सारे विश्वविद्यालय विदेशी छात्रों के बल पर चल रहे थे। यदि विदेशी छात्र नहीं आएंगे, तो अमेरिका के शिक्षण संस्थान बंद होंगे। इसके साथ-साथ अमेरिका के शिक्षण संस्थानों को लगभग 3.65 लाख करोड रुपए जो फीस के रूप में एकत्रित होते थे। इससे दो गुना ज्यादा राशि विदेशी छात्रों द्वारा अमेरिका में खर्च की जाती थी, अमेरिका को बड़ा आर्थिक नुकसान होना तय माना जा रहा है। अमेरिका इस समय सबसे बड़े कर्ज के दबाव से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने ही हाथों से अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे समय पर भारत में शिक्षण संस्थानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए भारत सरकार को स्वायता देने की जरूरत है। भारत में पढ़ाई और रिसर्च के लिये यदि अच्छे संस्थान विकसित किए जाते हैं। ऐसी दशा में भारतीय छात्रों को अमेरिका और यूरोप के देशों में इतनी बड़ी संख्या में पढ़ने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। भारत के लिए एक अवसर है, अमेरिका में अभी जो चल रहा है, उसका लाभ भारत की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये किया जाये। ताकि भारतीय बच्चों का शिक्षा के लिये विदेश जाना कम हो। इससे भारत को विदेशी मुद्रा की बचत होगी। वहीं भारतीय अर्थ- व्यवस्था बेहतर बनाया जा सकेगा।

## मूर्तिकार का सपना

एक मूर्तिकार ने एक रात विचित्र स्वप्न देखा। वह किसी छायादार पेड़ के नीचे बैठा था। अचानक उसे सामने एक पत्थर का टुकड़ा पड़ा दिखाई दिया। उसने उसे उठा लिया फिर उसे सामने रखा और औजारों के थैले से छेनी-हथौड़ी निकालकर उसे तराशने के लिए जैसे ही पहली चोट की, पत्थर जोर से चिल्ला पड़ा- मुझे मत मारो। दूसरी बार वह रोने लगा। मूर्तिकार ने उसे छोड़ दिया। फिर उसने अपनी पसंद का एक अन्य टुकड़ा उठाया और उसे तराशने लगा। वह टुकड़ा चुपचाप वार सहता गया और देखते ही देखते उसमें से एक एक देवी की मूर्ती उभर आई। मूर्ति वहीं पेड़ के नीचे रख वह आगे चला गया। फिर कुछ समय बाद वह उसी पुराने रास्ते से गुजरा। उस स्थान पर पहुंचकर उसने देखा कि उस मूर्ति की पूजा-अर्चना हो रही है, जो उसने बनाई थी। भीड़ लगी है, भजन आरती हो रही है, भक्तों की पंक्तियां लगी हैं। जब उसके दर्शन का समय आया, तो पास आकर उसने देखा कि उसकी बनाई मूर्ति के सामने न जाने क्या-क्या रखा है। जो पत्थर का पहला टुकड़ा उसने, उसके रोने चिल्लाने पर फेंक दिया था वह भी एक ओर पड़ा है और लोग उसके सिर पर नारियल फोड़ -फोड़ कर देवी की मूर्ति पर चढ़ा रहे है। तभी मूर्तिकार की नींद टूट गई। वह सपने के बारे में सोचने लगा। उसने निष्कर्ष निकाला कि जो लोग थोड़ा कष्ट झेल लेते हैं, उनका जीवन बन जाता है। विश्व उनका सत्कार करता है। पर जो डर जाते हैं और बचकर भागना चाहते हैं वे बाद में जीवन भर कष्ट झेलते हैं, उनका सत्कार कोई नहीं करता।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चुनौती

**- ललित गर्ग**

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है। जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप,



पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन:स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषत: किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा। किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवाद हीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं।

# अंधड़, बारिश और चेतावनी: बदलता मौसम, बिगड़ता संतुलन

**-योगेश गोयल**

24-25 मई की रात उत्तर भारत के लिए एक बार फिर ऐसी रात बनकर आई, जिसने न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर भारत को झकझोरकर रख दिया। इस प्रचंड मौसमीय तांडव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया बल्कि एक बार फिर यह संकेत दे दिया कि अब मौसम चक्रों में स्थायित्व नहीं रहा और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से हमारे सिर पर मंडरा रहा है। एक ओर जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थो?ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर भीषण बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मई महीने में जब उत्तर भारत 44-45 डिग्री सेल्सियस की झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है, ऐसे समय में अचानक ऐसे तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि जैसे दृश्य आमतौर पर मानसून के चरम काल में भी दुर्लभ होते हैं।हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस तूफान से पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था परंतु तूफान की तीव्रता और व्यापक प्रभाव ने पारंपरिक मौसमी पूर्वानुमानों को भी पीछे छो? दिया। रविवार की देर रात तेज हवाओं ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से तेजी से ब?ते तूफानी बादल महज कुछ ही घंटों में दिल्ली-एनसीआर की ओर आ गए। आसमान में अचानक तेज बिजली चमकने लगी, फिर गरज के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते स्थिति एक शक्तिशाली तूफान में बदल गई। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में पे? उख? गए, ट्रैफिक सिग्नल गिर गए, बिजली के खंभे झुक गए और कई वाहनों को क्षति पहुंची। आईएमडी के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी और कुछ स्थानों पर तो यह इससे भी अधिक रिकॉर्ड की गई। केवल दिल्ली ही नहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के प्रमुख शहरों में भी हालात कुछ अलग नहीं थे। गुरुग्राम में तेज हवा के कारण कई जगहों पर निर्माणाधीन साइटों की छतें उ? गई जबकि नोएडा में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की क्रेन गिरने से दो लोग



घायल हो गए। उत्तर भारत के अन्य भागों, जम्मू, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान में भी यह तूफान तबाही लेकर आया। जगह-जगह सैंक?ों पे? उख? गए, जिससे कई जगहों पर स?कों का संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना भी सामने आई, जहां सात वाहन बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। इससे पहले 21 मई को भी शाम के समय अचानक दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया था और अचानक बदले मौसम के बीच भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई थी। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि नोएडा, गाजियाबाद सहित देश के कई राज्यों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। उस दौरान हुए हादसों में 7 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि देशभर में करीब 26 लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। इस साल मई महीने की शुरुआत ही इसी प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी बदलावों के साथ हुई थी। 2 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और तूफान जैसी स्थिति बनी थी। दिल्ली में उस दिन 78 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी और बारिश के साथ भारी नुकसान हुआ था। पेड़ उखड़ गए थे, बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी और तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि उस समय भी लोगों को थो?ी राहत महसूस हुई थी लेकिन इस बार मई के अंत में आया यह तूफान कहीं अधिक गंभीर और व्यापक प्रभाव वाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब केवल सामान्य मौसमी उतार-च?ाव नहीं हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहरे संकेत हैं। दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में तेजी से ब?ता शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन अब मौसम चक्रों को अस्थिर कर रहा है। 'शहरी हीट आइलैंड' प्रभाव के चलते रात के तापमान में गिरावट नहीं होती और वातावरण की ऊष्मा ब?ती जाती है। कंक्रीट, एस्फाल्ट और अन्य मानव निर्मित सतहें सूरज की ऊष्मा को अवशोषित कर लेती हैं और धीरे-धीरे उसे छो?ती हैं, जिससे रात में भी वातावरण गर्म बना रहता है। 2 मई की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सामान्यत: ऐसी बारिश के बाद तापमान 18-20 डिग्री तक गिर जाता है।मौसम विभाग ने इस बार के तूफान के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खा?ी से उठने वाली नम हवाओं के संगम को कारण बताया है। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ नवंबर से अप्रैल के बीच सक्रिय रहता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह मई-जून में भी सक्रिय रहने लगा है, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का संकेत है। यह संकेत स्पष्ट करता है कि पारंपरिक मौसम चक्रों में अब स्थायित्व नहीं रहा और मौसम की गतिविधियां अधिक अनियमित और अस्थिर होती जा रही हैं। बंगाल की खा?ी से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी विक्षोभ से टकराती हैं तो वह एक संगठित मौसमी प्रणाली का निर्माण करती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा, तेज हवाएं और ओलावृष्टि होती है। यह आमतौर पर मानसून के मध्य चरणों में होता है लेकिन मई की शुरूआत में या मई के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार की घटनाएं असामान्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि मौसमी प्रवृत्तियों की दिशा अब बदल रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव प? रहा है। इस समय अधिकांश क्षेत्रों में मूंग, सब्जियां, तरबूज, खरबूजा और अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती होती हैं। तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश इन फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। बिहार, हरियाणा और राजस्थान के किसानों ने फलों और सब्जियों के खराब होने की शिकायत की है। इससे न केवल किसानों की आमदनी प्रभावित होती है बल्कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और खुदरा बाजारों में कीमतों पर भी व्यापक असर पड़ सकता है।

# मोहन सरकार के नवाचार कृषि क्षेत्र में ला रहे हैं बदलाव

**- हर्षवर्धन पान्डे**

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने अपने कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में कई नवाचारों और नीतियों को लागू करके राज्य को कृषि क्षेत्र में विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने, खेती को लाभकारी बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन नीतियों में कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने, सिंचाई के बेहतर संसाधनों की उपलब्धता और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने के लिए अनेक पहल की गई है ।मोहन सरकार ने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने के लिए जैविक और पारम्परिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वयं इस बात पर बल दिया है कि जैविक खेती न केवल एक उत्पादन विधि है, बल्कि यह किसानों की समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, मध्यप्रदेश में वर्तमान वर्ष में लगभग 1 लाख एकड़ क्षेत्र में जैविक खेती का कार्यक्रम चल रहा है और आगामी वर्षों में इसे 5 लाख हेक्टेयर तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है।

जैविक कृषि को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदेश में मटर, सोयाबीन, तुअर दाल और आलू जैसे फसलों का उत्पादन में राज्य में तेजी आई है और इन उत्पादों का निर्यात भी काफी बढ़ा है जिसने किसानों की आय में वृद्धि के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की है ।कृषि क्षेत्र में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए मोहन सरकार ने सौर पंप योजना को बेहतर तरीके से लागू किया है। इस योजना के तहत किसानों को मात्र 10त्न राशि जमा करने पर सौर पंप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अगले तीन वर्षों में 32 लाख सौर पंप वितरित करने का लक्ष्य सरकार ने रखा है। इसके अतिरिक्त किसानों द्वारा उत्पादित अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीदेगी जिससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। यह योजना न केवल बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी, बल्कि किसानों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाएगी ।मध्यप्रदेश में बीते डे? वर्ष में कृषि मंडियों का आधुनिकीकरण, विपणन और भंडारण की सुविधाओं में भी ब?ा सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने किसानों के उत्पादों को बेहतर दाम दिलवाने के लिए कृषि मंडियों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं में विस्तार किया है जिससे किसानों को अपनी उपज को बाजार में बेहतर मूल्य पर बेचने का अवसर मिल रहा है। नई जरूरतों के मुताबिक अब अलग-अलग मंडियों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की कृषि मंडियों को आदर्श बनाने के निर्देश दिए हैं। मंडियों में आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने से लेकर उनके प्रबंधन को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। मंडी शुल्क का उपयोग किसानों की कल्याणकारी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है साथ ही फल, सब्ज और मसाला मंडियों की स्थापना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी ) पर भी विशेष ध्यान दिया गया है जिससे किसानों को उचित लाभ मिल रहा है ।इन प्रयासों से राज्य में कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है और किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मोहन यादव ने किसान कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं जिनमें कृषि ऋण, बीमा और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से किसानों को वित्तीय मदद मिल रही है जिसने उन्हें खेती में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का उपयोग करने की सुविधा प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गेहूं उत्पादक किसानों को भी समर्थन मूल्य 2425 रुपये के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल की बोनस राशि दी जायेगी जिससे लगभग 1400 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का लाभ होगा। साथ ही गेहूं के उपार्जन पर प्रति क्विंटल 2600 रुपये की राशि मिलेगी। इस वर्ष प्रदेश में 80 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन अनुमानित है।

एमपी की मोहन सरकार ने श्रीअन्न (मिलेट्स) और विशेष फसलों को प्रोत्साहन देने की दिशा में कई ब? कदम उठाए हैं।

सरकार ने घोषणा की है कि वह किसानों से श्रीअन्न की खरीद करेगी, जिससे इन फसलों का उत्पादन बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, विशेष फसलों को भौगोलिक संकेतक जीआई टैग प्रदान करने की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है, ताकि मध्यप्रदेश की फसलों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मार्केट में नई पहचान मिले। राज्य सरकार ने प्रदेश के हर संभाग में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। अप्रैल माह मेंमंदसौर जिले के सीतामऊ में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को कृषि के आधुनिक यंत्रों और तकनीक से अवगत कराया गया। जिसके बाद अब 26 मई को नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम का आयोजन होने जा रहा है जिसका शुभारम्भ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के माध्यम से होगा।

# गांव कान्जून की 25 बेटियों को सरपंच द्वारा अपने मानदेय की राशि प्रदान की, डीसी ने किया सम्मानित

**यमुनानगर, 28 मई ( दिनेश कुमार ) :** जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने खण्ड रादौर के गांव कांजनू के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रात: 10 बजे से जनता दरबार व समाधान शिविर में आम लोगों की समस्याएं सुनी इसके उपरांत सायं 4 बजे से रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आम लोगों की समस्याएं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सुनी और उनका निस्तारण किया। उन्होंने ग्रामवासियों को नशा न करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में गांव कांजनू निवासी जय प्रकाश ने बिजली की पुरानी तारे व टूटा हुआ बिजली का पोल बदलवाने बारे, सुरेन्द्र कुमार निवासी लक्षीबांस ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने बारे, राजेश कुमार निवासी कांजनू डिच ड्रेन की सफाई करवाने बारे, संदीप कुमार निवासी रतनगढ़ ने गांव में जाली दस्तावेजों के आधार पर रहने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने बारे, प्रियंका रानी निवासी संधाली ने परिवार पहचान पत्र में वेरीफाई करवाने बारे, अमरेन्द्र प्रसाद निवासी कांजनू ने 100 गज के प्लाट बारे, जिले सिंह निवासी फतेहगढ़ दिव्यांग पेंशन लगवाने बारे, रोहित काम्बोज निवासी कांजनू गांव की गली को लोगों द्वारा बंद करने बारे, साहब सिंह गांव खजूरी ने पंचायती भूमि, फिरनी पर नाजायज कब्जा कर रिहायशी मकान बनवाने बारे, कुलभूषण गांव कांजनू ने बिजली बिल की माफी बारे, ऋषि पाल ने बस स्टैण्ड बनवाने बारे, धनीराम



निवासी गांव कांजनू ने जमीन पर कब्जे बारे, मेजर सिंह गांव अलाहर ने सरपंच अलाहर के खिलाफ जांच करवाने बारे, मनीष कुमार गांव खजूरी ने अवैध कब्जा हटवाने बारे, पवन कुमार गांव खेडक़ी ने प्लाट में दूसरे का लगा हुआ टयूबवैल हटवाने बारे, अमित कुमार निवासी गोलनी ने कानूनी कार्यवाही करवाने बारे, धर्मपाल गांव जयपुर ने पंचायती रास्ता पर किए गए नाजायज कब्जे को हटवाने बारे, खुशी गांव कांजनू ने बस की समस्या बारे सहित अनेकों शिकायतें उपायुक्त पार्थ गुप्ता के समक्ष रखी जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों निर्देश दिये कि लोगों की समस्याओं को शीघ्र हल करें।

कांजनू की सरपंच रिम्पी देवी द्वारा अपने मानदेय की पूरी राशि 2022 से जन्म लेने वाली लड़कियों में नवजात बच्ची, दृष्टि, नायरा, सीरत, वैशु, प्रांशी, काव्या, दृष्टि, समरीत, जिया, जन्नय, आरणा, ईनायत, सचकीर्त, जागृति, नाव्या, रिधिका, अवनि, खनक, सीवरा, सुकृति, सेयंशा, साचवी को 5100-5100 रुपये उपहार स्वरूप दी गई।

गांव कान्जून की सुश्री शगुन को 12वीं कक्षा में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 एवं सुश्री दिव्यांशी को मास कम्यूनिकेशन ग्रेजुएशन में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 5100 रुपये की राशि से सम्मानित किया गया। इस नेक शुरुआत के लिए सभी ने सरपंच की सराहना की एवं समाज में बेटियों को सम्बल एवं आगे बढने् में सहयोग करने वाली बताया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, सीईओ जिला परिषद वीरेन्द्र सिंह ढुल, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, सी.टी.एम. पियूष गुप्ता, डीएसपी आशीष चौधरी, डी.डी.पी.ओ.नरेन्द्र सिंह, तहसीलदार रादौर सुदेश मेहरा, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, बी.डी.पी.ओ. श्याम लाल, एसएमओ डॉ. विजय परमार, डीपीओ तरविन्द्र कौर, सीडीपीओ कुसुमलता, सरपंच कांजनू रिम्पी देवी, जिला परिषद सदस्य अनिता काम्बोज, ऋषिपाल, सचिन कुमार, कुलभूषण, पंच देवेन्द्र, अमन, कमल, पूजा देवी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पंजाबी शिव मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना की





**मूनक, 28 मई ( जय भगवान ) :** गांव मूनक में बुधवार को भगवान श्री कृष्ण व राधा की मूर्ति की स्थापना की गई। कई दिन से पंडितों के द्वारा कई दिन मंत्र उच्चारण कर प्राण प्रतिष्ठा की गई । महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर गांव की परिक्रमा की । परिक्रमा करते समय भगवान शिव माता पार्वती की झांकियां निकलते हुए सभी का मन मोह लिया। हवन व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रधान बावा जग्गा ने बताया कि सभी गांववासियों की आस्था को देखते हुए मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना की गई। सभी गांव वासियों की ओर से सभी का इसमें सहयोग रहा। इस दौरान कमेटी मेंबर बलजीत जग्गा ,अजीत, सुरेंद्र कालड़ा, नारायण दास चौधरी, शंभू लाल, सतीश ,जगदीश, सोनू, मनोज ठकराल, प्रदीप रावल, राजकुमार मकानी, राम प्रकाश, राजेंद्र जग्गा, राजकुमार अनेजा, मनीष ठकराल, सभी मौजूद रहे।

## शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रतिया, 28 मई ( अमन सेठी ) :** जिला उपायुक्त व कंट्रोलर सिविल डिफेंस मनदीप कौर के निर्देशानुसार शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में सिविल डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल डिफेंस ट्रेनिंग टीमों विशेषकर होमगार्ड एंड डिफेंस, रैडक्रास व अग्निशमन ने छात्राओं को तकनीकी और शारिरिक प्रशिक्षण दिया गया। टीमों द्वारा छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों की प्रस्तुति के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। जिससे आवश्यकता पड़ने पर संकट के समय स्वयं और लोगों की मदद की जा सके। प्लाटून कमांडर होमगार्ड राजेश बुमरा ने सिविल डिफेंस ट्रेनिंग के मुख्य उद्देश्य विषय में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों, जैसे युद्ध, प्राकृतिक आपदाएँ, अग्निकांड, बम धमाके या रासायनिक हमलों से स्वयं की तथा दूसरों की सुरक्षा करना सिखाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों में संकट प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, बचाव कार्य और सुरक्षित निकासी जैसी आवश्यक क्षमताओं का विकास किया जाता है। इसका लक्ष्य आम नागरिकों को सजग, आत्मनिर्भर और सहयोगी बनाना है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में वे घबराने के बजाय शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें तथा जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। जिला रैडक्रास प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह ने छात्राओं को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सिविल डिफेंस ट्रेनिंग में रेडक्रॉस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। रेडक्रॉस प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा, रक्तदान तथा आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह संगठन आपदा के समय राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता और मनोवैज्ञानिक सहयोग उपलब्ध कराता है। सिविल डिफेंस की प्रशिक्षण गतिविधियों में रेडक्रॉस के प्रशिक्षित स्वयंसेवक नागरिकों को घायलों की देखभाल, सुरक्षित निकासी और जीवनरक्षक तकनीकों की जानकारी देते हैं। रेडक्रॉस न केवल प्रशिक्षण में सहयोग करता है, बल्कि आपात स्थितियों में सिविल डिफेंस के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय रूप से भाग भी लेता है। अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार ने सिविल डिफेंस ट्रेनिंग में फायर ब्रिगेड की भूमिका पर संबोधित करते हुए कहा फायर ब्रिगेड की अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह विभाग आग से सुरक्षा, अग्निशमन तकनीकों, गैस लीक, रासायनिक दुर्घटनाओं और भवनों से सुरक्षित निकासी जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी नागरिकों को आग लगने की स्थिति में उचित प्रतिक्रिया, अग्निशमन यंत्रों का उपयोग, और बचाव कार्यों की व्यावहारिक जानकारी देते हैं। यह ट्रेनिंग लोगों में जागरूकता बढ़ाती है और आपातकाल में आत्मरक्षा एवं दूसरों की सहायता करने की क्षमता विकसित करती है। अग्निशमन विभाग सिविल डिफेंस के साथ मिलकर राहत एवं बचाव कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। महाविद्यालय जनसम्पर्क अधिकारी प्रो सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्राचार्य परमजीत संधा ने कहा नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर को छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इससे छात्राओं में आपदा प्रबंधन, आत्मरक्षा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ। यह प्रशिक्षण उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनाता है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जागरूकता और योगदान को भी सशक्त करता है। इस अवसर पर जेआरसी कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, एलएफएम कृष्ण कुमार, फायर मैन रघुबीर सिंह, डीओ बलजीत सिंह, डॉ राजेन्द्र कुमार, प्रो रीतु, प्रो प्रियंका, प्रो जसबीर, डॉ बलकार, डॉ सैन कुमार, डॉ सज्जन, प्रो बिन्दु, डॉ सीमा, मुक्ता शर्मा, ज्योति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई की छात्राएं उपस्थित रही।



## रोजगार मेला आयोजित, 250 से अधिक बच्चों का हुआ चयन : राकेश भाटिया



**करनाल, 28 मई ( संदीप रोहिला ) :** बाबू मूल चंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि आईटीआई करनाल एवं इंद्री द्वारा रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई करनाल में किया गया जिसमें स्वराज ट्रैक्टर्स (एम एंड एम) लिमिटेड व माइक्रो टर्नर्स कंपनी के प्रतिनिधियों सहित जिले के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रोजगार मेले में कंपनियों द्वारा 250 से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम विभिन्न कंपनियों व प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं व भविष्य में भी इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहेगा। इस मेले के आयोजन की सफलता में एपीओ मीनाक्षी, इंद्री आईटीआई प्रधानाचार्य राजबाला, जेएपीओ अमरजीत, अजीत, गुलशन कुमार, मंदीप कुमार, कुलदीप सिंह, दिनेश फिटर अनुदेशक (इंद्री) का समर्थन व भागीदारी महत्वपूर्ण रही।

## महावीर स्टेडियम में 21 जून को भव्य तरीके से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : अनीश यादव

**हिसार, 28 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** आगामी 21 जून को जिला व खंड स्तर पर मनाये जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों व सफल आयोजन के लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देते हुए उन्हें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयार किया जा रहा है। योग प्रशिक्षण शेड्यूल आयुष विभाग की ओर से जारी किया गया है। उपायुक्त अनीश यादव ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप योग प्रशिक्षण लेने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक के उपरांत उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि महावीर स्टेडियम में 21 जून को भव्य तरीके से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा 28 से 30 मई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्कूलों में प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार जिला के प्रत्येक गांव में 9 जून से 15 जून के मध्य योग जागरण यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 12 जून से 14 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला तथा ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, सरपंच, पंच अन्य निर्वाचित सदस्य पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट, स्काउट कैडेट एवं इच्छुक जन साधारण को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वहीं 16 जून से 18 जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर मंत्रीगण, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी, एन.सी.सी. कैडेट, स्काउट कैडेट, नेहरू युवा केन्द्र स्टाफ एवं इच्छुक जन साधारण को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण सम्बन्धित जिले के आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों तथा खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. धर्मपाल पुनिया द्वारा 16 जून से 19 जून के मध्य एक दिन जिले में योग संगोष्ठी/सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 19 जून को जिला स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्कूल, कॉलेज, गुरुकुल, विश्वविद्यालय, जन साधारण, योग संस्थान, पुलिस पर्सनल, एन.सी.सी. कैडेट, एन.एस.एस., नेहरू युवा केन्द्र, स्काउट्स और गाइड्स हिस्सा लेंगें। स्कूली बच्चे अपने हाथ में योग स्लोगन के बैनर लेकर चलेंगें। 20 जून को प्रात: 7 बजे से 8 बजे तक पायलट रिहर्सल आयोजित की जाएगी। 21 जून को प्रात: 7 बजे से 8 बजे 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगराधीश हरिराम, नगर निगम संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, जिला खेल अधिकारी नरेश कुमार, राजकीय कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ विवेक सैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## नपा प्रशासन ने पॉलिथीन का उपयोग करने वाले दुकानदारों का किया चालान



**कलायत, 28 मई ( सूबे सिंह मोर ) :** कलायत नगर पालिका प्रशासन ने सडक़ों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के बीच अब पॉलिथीन के बढ़ते उपयोग और इससे पर्यावरण पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को देखते हुए सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत मंगलवार को नगर पालिका सचिव पवन शर्मा के निर्देश पर विशेष अभियान की शुरुआत की गई। इसके माध्यम से सफाई सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा ने टीम के साथ अलग-अलग स्थानों पर दुकानदारों के पॉलिथीन का उपयोग करने पर चालान काटते हुए जुर्माना लगाया। सुपरवाइजर ने बताया कि पोलिथिन का इस्तेमाल किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। अभियान के पहले ही दिन नगर पालिका की टीम ने बाजारों में औचक निरीक्षण किया। कई दुकानदारों को पॉलिथीन बैग का इस्तेमाल करते पकड़ा। नियमों का उल्लंघन करने पर कई दुकानदारों के मौके पर ही चालान काटे गए।

कुल चार दुकानदारों के चालान काटे गए। प्रत्येक को 500 रुपए जुर्माना भुगतना पड़ा। नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि अगर दोबारा पॉलिथीन का उपयोग करते हुए पकड़े गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसमें दुकान सील करने तक का प्रावधान है। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया। दुकानदारों से पर्यावरण के हित में कपड़े या जूट के थैलों का इस्तेमाल करने की अपील की गई। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में निरीक्षण किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य न केवल पॉलिथीन पर रोक लगाना है बल्कि नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करना है।

## गांव सालवन में राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह की तैयारियां पूरी : उत्तम सिंह

**असंध, 28 मई ( दलसिंह मान ) :** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि वीरवार 29 मई को करनाल जिला के सालवन गांव की अनाज मंडी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे तथा समारोह को संबोधित करेंगे। उपायुक्त बुधवार को करनाल जिला के गांव सालवन में राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह की तैयारियों के संदर्भ में समारोह स्थल पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस मौके पर उनके साथ असंध के विधायक योगेंद्र राणा, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, एसडीएम असंध राहुल भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने बताया कि इस समारोह में आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कार्यक्रम में पीने के पानी, शौचालयों और प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वाहनों के लिए पार्किंग स्थलों का निर्धारण कर दिया गया है और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि आम जनता के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की गई है और पोर्टेबल शौचालय स्थापित किए गए हैं, आगंतुकों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था की गई है, रैली स्थल पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, मीडिया कर्मियों की सुविधा के लिए मीडिया गैलरी बनाई गई है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि समारोह में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए तथा संबंधित विभाग के अधिकारी अपने-अपने कर्मचारियों की ड्यूटियां संबंधित स्थान पर लगा दें ताकि किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। इस मौके पर असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने बताया कि सालवन गांव की अनाज मंडी में करीब साढ़े 4 एकड़ में जर्मन तकनीक का टेंट लगाया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह में कई हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है। समारोह का प्रसारण आमजन के लिए लाईव किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर भी वीडियो स्क्रीन की व्यवस्था भी की गई है, ताकि पंडाल में बैठे सभी लोगों को कार्यक्रम बेहतर तरीके से दिखाई दे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर 4 मंच बनाए गए हैं। जिसमें मुख्य मंच, अन्य विशिष्ट मेहमानों के लिए दो वीआईपी मंच बनाए गए हैं। इसके साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एक कल्चरल मंच बनाया जा रहा है। कार्यक्रम की कवरेज के लिए मीडिया गैलरी भी बनाई गई है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने बताया कि समारोह स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं तथा डीएसपी स्तर के अधिकारी नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। यातायात बाधित न हो इसके लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं।



## मुख्यमंत्री ने नशे के विरुद्ध माउंट एवरेस्ट बेस कैंप फतेह करने वाली 9 वर्षीय एनाया सौदा को दी शुभकामनाएं

**कुरुक्षेत्र, 28 मई ( सुदेश कुमार ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशे के विरुद्ध माउंट एवरेस्ट बेस कैंप फतेह करने पर जाने वाले 9 वर्षीय एनाया सौदा को कुरूक्षेत्र सीएम कार्यालय में सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। इसमें हर वर्ग के नागरिक बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। अब तो बच्चे भी अभियान में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुछ समय पहले ही पूरे प्रदेश में साइक्लोथॉन के माध्यम से नशे अभियान चलाकर प्रदेशभर के युवाओं, खिलाड़ियों, बुजुर्गों व महिलाओं को जागरूक किया। सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई हुई हैं। परिजनों ने बताया कि 14 मई 2025 को साढ़े 9 वर्षीय एनाया सौदा ने माउंट एवरेस्ट बेस कैंप को सफलतापूर्वक संपन्न किया। माउंट एवरेट पर करीब 5364 मीटर उंचाई पर बेस कैंप का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि एनाया सौदा का नाम प्रदेश की सबसे छोटी आयु में माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में हिस्सा लेने वालों में शामिल हुआ है। उन्होंने बताया कि एनाया सौदा कुरुक्षेत्र के निजी स्कूल की 5वीं कक्षा की छात्रा है। इसके अलावा जिमनास्टिक खेल में प्रदेश स्तर पर अंडर-11 में ब्राउंज मेडल भी हासिल किया था। पिता महेश सौदा कुरुक्षेत्र कोर्ट में वकालत और माता रुपाली गृहणी है। इस कैंप में एनाया सौदा के साथ उसका भाई 8 वर्षीय आर्यन और ट्रैकर राजीव मिश्रा भी शामिल रहे।



# धूप से चेहरा काला पड़ जाए तो अपनाएं ये घरेलू उपाय



गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है/ , गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं / हालाँकि कुछ लोग चेहरे पर कपडा बांध कर निकलते हैं लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है/ गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टिओं में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांबली पड़ जाती है / चेहरे पर सन टेन की बजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खतम हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है /

इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महँगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएँ खड़ी हो जाती हैं / ऐसे में धुप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाये रखेंगे /

**1 --पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है / इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें / पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें निम्बू की कुछ बुँदे मिला लें /इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें / इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं /सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है / आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुँदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें / इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें / यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है /

**2 --नींबू का फेस पैक ---**

नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस , एक चमच्च शहद और एक चमच्च दूध को कटोरी में मिला कर मिश्रण बना लें /इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घण्टा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें / यह त्वचा की रंगत निखारने का प्रकृतिक तरीका है /दूध में बिद्यमान प्रकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम , कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं /एक चमच्च चीनी और एक चमच्च नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें / इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें /इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं

3---खीरा ----गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है. इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है./ एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देंगे. यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है और क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं. यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है/ . आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए. जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें. उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें. इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें. इसे ठंडे पानी से धो लें.

4 ----दो चमच्च जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें / इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर आधा घण्टा बाद साफ पानी से धो डालें /

5 --- पके केले को मैश करके इसमें एक चमच्च शहद और एक चमच्च ऑलिव आयल मिला लें / इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से चेहरे को धो डालें

6 ---तीन चमच्च एलो वेरा जैल , एक चमच्च हल्दी और दो चमच्च शहद को एक कटोरी में मिला कर पेस्ट बना लें / इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें / इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं /एलो वेरा जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है / 7 ------बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना लीजिये / इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से धो डालिये

8 ----- कांच के एक कटोरे में एक खीरा छीलकर उसे कद्दूकस कर लीजिये / उसमें आधा कटोरी कच्चा दूध डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें ।अब इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स कर लें और फिर 1 चम्मच गुलाब जल भी डाल लें ।

इन सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करने के बाद इसे आपको फेस पर अप्लाई करना है। अच्छी तरह सूख जाने के बाद ताजे पानी से मसाज करते हुए हटा लीजिये /बेहतर परिणाम के लिए आप इस फेस पैक को आप हफ्ते में एक बार जरूर लगाएं। नियमित तौर पर लगाने से आपकी त्वचा से टैनिंग दूर होकर त्वचा में धीरे धीरे निखार आने लगेगा/इसके अलावा आप दिन में कम से कम 2 से 3 बार अपने चेहरे को ठंडे पानी से धोएं/ ऐसा करने से चेहरे पर लगी गंदगी, धूल और पसीना हटता है और त्वचा चमकदार बनती है।

# चेहरे की खूबसूरती कायम रखने में लाभकारी हो सकती है फिटकरी

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है। चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं।



चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

फिटकरी से बनाएं टोनर-ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

ऐसे बनाएं फेस पैक-आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

इन बातों का रखें ध्यान-इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

# चेहरे के साथ-साथ पैरों की भी खूबसूरती को बनाए रखें

चेहरे के साथ-साथ पैरों का भी विशेष ख्याल रखना बहुत जरूरी होता है लेकिन कुछ महिलाएं अपने पैरों का बिल्कुल ध्यान नहीं देती और उनकी एड़ियां फट जाती हैं। एड़ियों में दरारें आने की वजह कई बार महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। ऐसे में कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर फटी एड़ियों को फिर से मुलायम बनाया जा सकता है। आइए जानिए ऐसे ही कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में नारियल का तेल-इसके लिए 1 बड़ा चम्मच नारियल तेल को हल्का गर्म करें और रात को सोने से पहले उससे एड़ियों की मसाज करें। अच्छी तरह एड़ियों की मसाज करने के बाद मोजे पहन लें और सुबह पैर धोएं। कुछ दिनों तक ऐसा करने से पैरों की एड़ियां मुलायम हो जाएंगी।



ग्लिसरीन और गुलाब जल-एड़ियों को मुलायम करने के लिए गुलाब जल और ग्लिसरीन भी काफी फायदेमंद साबित होती है। इसके लिए 3 चौथाई मात्रा में गुलाब जल और 1 चौथाई मात्रा में ग्लिसरीन लेकर मिश्रण तैयार करें। अब इसे एड़ियों पर कुछ देर के लिए लगा कर रखें और फिर गुनगुने पानी से पैरों को साफ करें। रोजाना ऐसा करने से बहुत जल्द फर्क दिखने लगेगा।

ओट्स और जोजोबा ऑयल-इसके लिए ओट्स को पीसकर पाउडर बना लें और इसमें जोजोबा तेल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को एड़ियों की दरारों में लगाएं और कुछ देर बाद गुनगुने पानी से धो लें। शहद--पैरों की एड़ियों को मुलायम बनाने के लिए पानी में आधा कप शहद मिलाएं और इसमें कुछ देर के लिए पैरों को डुबो कर रखें। 20 मिनट के बाद पैरों को बाहर निकालें और तौलिए से अच्छी तरह पौंछ लें। इससे पैर मुलायम हो जाएंगे।

जैतून का तेल--इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले जैतून के तेल से पैरों की मसाज करें और आधे घंटे के बाद पैरों को धो लें। रोजाना ऐसा करने से बहुत जल्द एड़ियां मुलायम हो जाएंगी।

# मीनोपोज के बाद फिट रहने के लिए खानपान बदलें

मीनोपोज ( माहवारी) बंद होने के बाद बढ़ने वाला बैली फैट कई महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। ये कोई साधारण फैट नहीं है, जो डाइटिंग और योगा से कम हो जाए! इसलिए इसे जिद्दी फैट भी कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने इस वजह को ढूंढ निकाला है कि आखिर मीनोपोज के बाद मोटापा क्यों बढ़ता है? शोधकर्ताओं के मुताबिक, मीनोपोज के बाद एस्ट्रोजन लेवल कम होने से हिप्स और थाईंज का फैट लोअर-एब्डॉमन में चला जाता है लेकिन डाइट में बदलाव करके आप शरीर का एक्सट्रा फैट घटा सकते हैं।



मीनोपोज के बाद के मोटापे को यूं घटाएं-आमतौर पर महिलाएं बेली फैट कम करने के चक्कर में हेल्दी फैट का सेवन करना भी छोड़ देती हैं जो कि गलत है। क्या आप जानते हैं कुछ फैट ऐसे भी होते हैं जिनका सेवन बैली फैट घटाने में मदद कर सकता है। जैसे एवोकैडो, ऑलिव्स, सैल्मन मछली और कोकोनट ऑयल। अध्ययन से पता चला है कि एक महीने के लिए हर सप्ताह तीन बार 28 ग्राम साल्मन मछली खाने से लगभग एक किलो से अधिक वजन घटाया जा सकता है। ऐप्पल साइडर विनेगर (सिरका) आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। सिरका में शामिल एसिडिक एसिड प्रोटीन वजन कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही ग्रीन स्मूदी भी आपका बैली फैट घटाने में मददगार हो सकती है। स्तनपान से कम होता है हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा

स्तनपान बच्चे के साथ ही मां के लिए भी एक वरदान से कम नहीं होता। स्तनपान से जहां बच्चे बिमारियों और संक्रमण से बचे रहते हैं और उन्हें पर्याप्त आहार भी मिल जाता है। वहीं इससे मां भी कई गंभीर बीमारियों से बची रहती है

विशेषज्ञ कहते हैं कि जन्म के 6 माह तक नवजात शिशुओं को दूध पिलाना जरूरी है। बच्चे को इससे ना सिर्फ पोषण मिलता है बल्कि बीमारियों से लड़ने की ताकत भी मिलती है लेकिन क्या आप जानते हैं स्तनपान कराने से सिर्फ बच्चे को ही फायदा नहीं होता बल्कि मां को भी उतना ही फायदा होता है। एक नये अध्ययन के अनुसार जो महिलाएं बच्चों को स्तनपान करवाती हैं उन्हें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा अन्य महिलाओं से 10 गुना कम रहता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि बच्चे के जन्म के बाद स्तनपान से मां के शरीर में मेटाबॉलिज्म में तेजी आती है तो समझना चाहिए कि मां को स्तनपान का लाभ मिल रहा है। शोधकर्ताओं का ये भी कहना है कि गर्भावस्था के दौरान एक महिला के शरीर के मेटाबॉलिज्म में बहुत बदलाव आता है, क्योंकि शरीर बच्चे के विकास और उसे अतिरिक्त उर्जा प्रदान करने के लिए वसा एकत्र करता है। इसलिए जन्म के बाद ब्रेस्टफीडिंग उस वसा को तेजी से और पूरी तरह से समाप्त करने में सहायता करता है। इससे महिला का शरीर भी पहले की तरह हो जाता है।

ब्यूटी प्रोडक्ट इस प्रकार लंबे समय तक चलेंगे-खूबसूरती निखारने आप घरेलु नुस्खे भी आजमा सकती हैं। हमेशा महंगे उत्पाद खरीदने की जरुरत नहीं है। मस्कारा व आईलाइनर सूख जाए या फिर खत्म होने की स्थिति में हो तो उसे हल्के गर्म पानी में रखें या कॉन्टेक्ट लेंस सॉल्यूशन की कुछ बूंदे डालकर उनको आप एक बार फिर इस्तेमाल कर सकती हैं। मेकअप हटाने के लिए रिमूवर व क्लीजिंग मिल्क की जगह नारियल तेल , बेबी ऑयल या फिर दूध का उपयोग किया जा सकता है। फाउंडेशन वाला स्पंज अगर खराब हो गया है तो ब्रश से भी फाउंडेशन लगा सकती हैं। ब्रश से उसे फैलाएं, फिर टिश्यू पेपर को हल्का गीला करके उसको एक सार करें।

डार्क शेड के फाउंडेशन को अपनी स्किन टोन से मिलाने के लिए फाउंडेशन और मॉइश्चराइजर के साथ इसे मिलाएं। लिप बाम बनाने के लिए बची हुए लिपस्टिक किसी स्टिक से निकाल लें फिर उसे माइक्रोवेव में मेल्ट कर लें। फिर उसे एक बाउल में निकाल लें। फिर इसे लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें।स्क्रब खत्म हो जाए तो नया स्क्रब खरीदने की जगह ब्राउन शुगर और शहद को आपस में मिला कर स्क्रब बनाएं।

गालों की ललिमा को बनाए रखने के लिए ब्लशऑन की जगह पिंक लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

# बेसहारा बुजुर्गों का एकाकी जीवन समाज पर कलंक

**- नरेन्द्र भारती**



अंतत: एक दिन सबको बुढ़ापा आएगा, बेसहारा बुजर्गो को बच्चों का सहारा ही खुश रखता है लेकिन बुजुर्ग आज एकाकी जीवन जी रहे हैं क्यूंकि बुढ़ापे की लाठी बेटों के पास आज उनकी देखभाल के लिए समय ही नहीं हैं कि अपने वृद्ध व लाचार हो चुके माँ बाप को समय दें लेकिन बेटों के पास समय का अभाव हो गया है व्यस्तता इतनी बढ़ गई है की चौबीस घंटे अनावश्यक ही व्यस्त रहते हैं आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं ।विडम्बना देखिए कि आज मां-बाप का बंटबारा किया जा रहा है उन्हे महिनों में बांटा गया है कि इस माह किस बेटे के पास खाना खाना है तथा अगले महिने दूसरे बेटे के घर खाना है ।जिन मां बाप ने अपने बेटों में कभी भेदभाव तक नहीं किया आंच तक नहीं आने दी कांटा तक चुभने नहीं दिया आज वही बच्चे उनका बंटवारा कर रहे हैं ।ऐसी परिस्थितियों के कारण कई लोग असमय ही मौत को गले लगा रहे हैं ।बुजुर्गों के साथ बेटों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी होती रहती हैं ।मारपीट के कारण कई मारे जा चुके हैं। ऐसी औलादें समाज पर कलंक है जो नतीजन वृद्वों को आश्रमों में भेजा जा रहा है ।अक्सर देखा गया है कि अधिकांश बुजुर्ग वृद्ध आश्रमों की शरण ले रहे हैं क्योकि जब बहु बेटों की ज्यादात्ती से यह लोग दुखी हो जाते हैं तो वृद्ध आश्रम ही आखिरी विकल्प सूझता हैं। ।बुजुर्गो ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को मंहगी व उच्च तालिम देकर पैरों पर खडा किया आज उन्ही के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गडा रहे है ।मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है। बुजुर्गों ने अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुशी प्रदान की मगर आज वही चिराग माता -पिता के दुश्मन बन गए हैं बुजुर्ग परिवार का स्तम्भ होते हैं ।बुजुर्ग वटवृक्ष के सामान होते हैं जिनकी शीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते है मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारु हो गए हैं। देश में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं तथा दुसरों पर मोहताज हैं। आज देश में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं ।बुजुर्ग ढलती साझें है ।ढलती साझें आज नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं ।वृद्वों को आश्रमों में भेजा जा रहा है ।बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं शायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन पोषण किया आज वही बेटे उन्हे दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। बुजुर्गों का तिरस्कार,एक खौफनाक त्रासदी है ।आज देश में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है उसके मामले समय-समय पर उजागर होते रहते है ।कहते है बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धों के भरण-पोषण के लिए कानून बनाए हैं मगर वे फाईलो की धूल चाट रहे हैं नजीजन लोग कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। आधुनिक युग की तथाकथित बहुएं व कलयुगी बेटे बुजुर्गों से बुरा व्यवहार कर रहे हैं ।लेकिन एक दिन उन्हे भी बुढापा आयेगा तब उन्हें भी अपनी करनी का फल अवश्य मिलेगा। आज बुजुर्गो को स्टोर रुम में रखा जाता है मगर एक दिन स्टोर रुम तुम्हारा भी इंतजार कर रहा है जब तुम्हे भी ऐसा ही नसीब होगा ।क्योकि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। आज बहुत से वृद्ध एकाकी जीवन जी रहे हैं। बेटों के पास आज समय नहीं हैं कि अपनों का सहारा बने घर में अपने बुजुर्गों की दिन-रात सेवा करनी चाहिए क्योकिं बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं हैं। आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं। जो अपने ही जन्मदाताओं को नरक की जिन्दगी दे रहे है ।लेकिन कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है। समय बहुत बलवान होता है एक दिन सजा जरुर मिलेगी ।गरीब लोग तो माता - पिता व बुजुर्गो की अच्छी सेवा करते है मगर साधन संपन्न लोगो द्वारा आज बुजुर्गो को ओल्ड ऐज होम तथा सरकार द्वारा बनाए गए वृद्ध आश्रमों में धकेला जा रहा है। आज वृद्धो को पुराना सामान समझ कर निकाला जा रहा हैं। लेकिन दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप नहीं मिलते। बेचारे बुजुर्ग जिन पोते पोतियों को कंधों पर बिठाकर स्कूल से लाते थे और छोडते थे आज वही उनकी पिटाई तक करते हैं तथा उनका मजाक उडाते हैं ।कुछ बुजुर्ग तो घर में ही कैद होकर रह गए हैं वे गुमनामी के अन्धरे में जीने को मजबूर हैं। वृद्ध आज दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं ।सरकारों ने बुजुर्गों को पैशन की सुविधा दी है पर वह भी नाकाफी साबित हो रही है ।सरकार को सख्ती से कानून लागू करने चाहिए ताकि वृद्धों को उनका हक मिल सके ।सरकार व प्रशासन को ऐसे लोगों के विरुद्ध ठोस कारवाई करनी चाहिए तथा बुजुर्गों का अनादर करने वालो को दंडित किया जाए ।दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप एक ही बार मिलते है ।जब तक बुजुर्गो को उनका सम्मान मिलना चाहिए।



## योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद : महावीर गर्ग



**असंध, 28 मई ( दलसिह मान ) :** हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग से व्यक्ति बीमारियों से बचा रहता है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। नियमित योग अभ्यास से रोगों की रोकथाम में मदद मिलती है । उपरोक्त विचार महावीर गर्ग ने जीओ गीता पार्क में योग साधकों को योग का अभ्यास करवाते हुए कहे। गर्ग ने बताया कि यहां प्रतिदिन सुबह साढ़े पांच बजे से साढ़े छह बजे तक निशुल्क योग कक्षाएं लगाई जा रही है। उन्होंने योग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग से अनेक समस्याओं को समाप्त किया जा सकता है। गर्ग ने बताया कि योग से अधिकतर बीमारियों को खत्म किया जा सकता है। इस अवसर पर सतीश वर्मा, कलीराम बिंदल, संजीव कपूर, राजेश गुप्ता, सीता राम शर्मा, गौरीशंकर, कर्मबीर आर्य सहित अन्य मौजूद रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम 12 जून तक : वजीर सिंह

**करनाल, 28 मई ( रविन्द्र मलिक ) :** कृषि उपनिदेशक वजीर सिंह ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून तक देशभर में किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत जिला करनाल के 180 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान, कृषि विज्ञान केन्द्र, ऊंचानी के साथ-साथ अन्य आईसीएआर संस्थानों के वैज्ञानिक व हरियाणा सरकार के विभाग जैसे-कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, बागवानी विभाग इत्यादि के अधिकारी व कर्मचारी निश्चित गांवों में किसानों से संवाद करेंगे और उन्नत तकनीक के बारे में किसानों को जानकारी देंगे। इसके अलावा किसानों की फसल उत्पादन संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या व अनुदान इत्यादि की जानकारी मौके पर ही उपलब्ध करवायी जायेगी व किसानों से फीडबैक प्राप्त कर अनुसंधान को दिशा देना भी इसका एक प्रमुख उद्देश्य है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर



**हिसार, 28 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** जिला प्रशासन, हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग, हिसार द्वारा 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इसी क्रम में 28 से 30 मई तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ धर्मपाल पुनिया, योग कोऑर्डिनेटर बलराज एवं योग विशेषज्ञ पूजा द्वारा किया गया, जबकि आयुष योग सहायक सुनील कुमार ने डीपीई मंजू के सहयोग से छात्राओं को योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न आसनों, ध्यान और शांति पाठ का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागियों ने मानसिक और शारीरिक संतुलन का अनुभव किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य साबराम ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा हर वर्ष की भांति इस बार भी 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। छात्राएं नियमित रूप से योग को अपनाएं और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा योग के महत्व को समाज में प्रसारित करना है।

## जिला शिक्षा समिति की टीम ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण



**असंध, 28 मई ( दलसिह मान ) :** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला असंध वन में बुधवार को जिला शिक्षा समिति की टीम ने दौरा किया। टीम की अध्यक्षता डॉक्टर करनैल सिंह कर रहे थे टीम ने एफ एल एन के तहत स्कूलों में करवाई जा रही सीआरपी गतिविधियों बारे गहराई से जांच की। प्रत्येक कक्षा में अलग-अलग जाकर 15-15 छात्रों की दक्षता जांची गई। डॉक्टर करनैल सिंह ने कक्षा इंचार्ज व स्कूल मुखिया मैनपाल मान को साथ लेकर बच्चों की दक्षता की जांच की इसके बाद डॉक्टर करनैल सिंह ने कहा की सीआरपी के तहत पिछले दो महीने से स्पेशल पाठ्यक्रम करवाया जा रहा है ताकि बच्चों का मानसिक विकास पूर्णता से हो सके


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 दवारा फर्मो को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओ के माध्यम से आमंत्रित की किया जाता हैः-

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61255692 | ब्रेक पैनल मॉड्यूल (इ.ओ.जी) | 15 नग | 23 जून 2025 |
| 2. | 61255694 | ब्रेक पैनल मॉड्यूल (एल.एच.बी) | 10 नग | 23 जून 2025 |
| 3. | 61255698 | एलास्टोमेरिक केबल्स विद कॉपर कंडक्टर | 16100 मी. | 26 जून 2025 |

**निविदा शर्ते**-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

**टेंडर नोटिस सं: 61255692,61255694,61255698**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1562/25


## स्कूल को मिला वाटर कूलर, बच्चों को मिलेगा अब पीने को ठंडा पानी



**निसिंग, 28 मई ( जोगिंद्र सिंह ) :** भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला की सहायता से डबल चाबी बासमती राइस की मालिक समाजसेविका ऊषा रानी के सुपुत्र पुष्कर गोयल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरक में एक वाटर कूलर और एक आर ओ भेंट किया, ताकि बच्चे गर्मी के मौसम में अपनी सेहत का ध्यान रखने के साथ-साथ ठंडा पानी भी पी सके। पुष्कर गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि आगे आने वाले समय में बच्चों के कल्याण के लिए ऐसे काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय अपनी एक अलग ही पहचान रखता है। शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को बेहतर वातावरण और सुविधाएँ भी मिलनी चाहिए।भारत विकास परिषद की तरफ से रामपाल लाठर ने बच्चों को कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। विद्यालय प्रधानाचार्य मोहन सिंह राणा ने बताया कि समाज किस प्रकार से किसी भी विद्यालय को आगे ले जाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कुछ गांवों एवं विद्यालय प्रबंधन समितियों का जिक्र भी किया। जिन्होंने विद्यालय के चहुंमुखी विकास में बहुत ज्यादा योगदान दिया है।प्रधानाचार्य ने कहा कि इस नेक कार्य के लिए समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के सहयोग से बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों में सुधार होगा। इस अवसर पर नरेश सरपंच पुंडरक, शालिनी,ईश्वर, अनिल, सुदर्शन, रंजीत, बलजिंद्र, शिव हरी रविंद्र, चंद्रपाल एवं संजय उपस्थित रहे।

## अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई : डीसी



**करनाल, 28 मई ( यशपाल कादियान ) :** डीसी उत्तम सिंह ने जिला में अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। इस कार्य में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त उत्तम सिंह बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी (खनन) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस विभाग, माइनिंग विभाग, एनफोर्समेंट विभाग मिलकर स्थाई नाकाबंदी करें, ताकि अवैध माइनिंग में लगे और ओवरलोडिड वाहनों को रोका जा सके। उन्होंने एनफोर्समेंट विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन पर नियंत्रण रखने के लिए अपनी गतिविधियां बढ़ाएं और उन पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि जहां-जहां अवैध खनन की शिकायत मिलती है, ऐसे स्थानों पर पुलिस विभाग के साथ-साथ खनन विभाग के अधिकारी भी अपनी पैनी नजर रखें और अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं तथा उनकी एफआईआर भी दर्ज करवाएं। उपायुक्त ने विशेष रूप से इंद्री के गांव चंद्राव, गढ़पुर व कलसौरा में चल रहे अवैध खनन संबंधी शिकायतों पर अधिकारियों को तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में लगातार अवैध माइनिंग की निगरानी की जाए और इसे रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं। बैठक में खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला में अवैध खनन के खिलाफ निरंतर चैकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत अवैध खनन के मामलों में अब तक 12 वाहनों को जब्त किया गया जिन पर करीब 28 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही 18 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं और 66 चालान भी काटे गए हैं। इस मौके पर करनाल एसडीएम अनुभव मेहता, घरौंडा एसडीएम राजेश सोनी, डीएसपी इंद्री सतीश, एनफोर्समेंट एसएचओ सोनू सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## जिला रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित



**करनाल, 28 मई ( सोनी दुआ ) :** डीसी एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को स्थानीय रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सीजेएम इरम हसन ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को रक्त की कमी ना हो, इस उद्देश्य से आज रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 32 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में बेटियों ने भी रक्तदान कर महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूकता भरा संदेश दिया। इस मौके पर सीजेएम इरम हसन ने युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित किया। सीजेएम ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. संजय वर्मा, इंचार्ज ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल की अगुवाई में टीम ने रक्त एकत्रित किया।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लगायी ठन्डे मीठे पानी की छबील




**रतिया, 28 मई ( अमन सेठी ) :** शहर की टिब्बा कॉलोनी वार्ड 13 के नन्हें मुंहे बच्चों ने ठन्डे मीठे पानी व जलजीरा की छबील लगाकर तपती गर्मी में लोगों की प्यास बुझायी। इस संदर्भ में वार्ड वासी मनोज गोयल ने जानकारी देते हुए बताया की उनकी गली के बच्चों द्वारा यह छबील सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगायी गई जिसका उदेश्य राह चलते लोगों की तपती गर्मी में प्यास बुझाना व इस उम्र के बच्चों का मनोबल बढ़ाना है जिस से आत्मविश्वास व सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। इस अवसर पर वरुण, मयंक, हर्षित, अंकित, लविश, विवेक, तरुण उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ आयकर अधिकारियों ने करनाल का किया दौरा



**करनाल, 28 मई ( सुनील कुमार ) :** आउटरीच पहल के तहत हरियाणा क्षेत्र (पंचकूला) की मुख्य आयकर आयुक्त विदिशा कालरा और रोहतक की प्रधान आयकर आयुक्त ज्योत्सना जौहरी ने आयकर कार्यालय, करनाल रेंज का दौरा किया। संयुक्त आयुक्त हर्षित बंसल और उनकी टीम ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। दौरे की शुरुआत पौधारोपण अभियान से हुई, जहां नीम और बरगद के पौधे लगाए गए, जो स्थिरता के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पांच जिलों-सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल के चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर पेशेवरों और व्यापार प्रतिनिधियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। ज्योत्सना जौहरी ने क्षेत्र की व्यावसायिक प्रोफाइल और करनाल रेंज के प्रदर्शन का अवलोकन प्रस्तुत किया। प्रधान आयुक्त (एयू), करनाल सुरेन्द्र पाल ने भी प्रमुख परिचालन अंतर्दृष्टि साझा की। बैठक में विदिशा कालरा ने पारदर्शी और मजबूत कर पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और राष्ट्र निर्माण में समय पर और सटीक कर भुगतान, विशेष रूप से अग्रिम कर, के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विभाग की उन्नत सूचना प्रणालियों पर प्रकाश डाला जो अनुपालन व्यवहार को नया रूप दे रही हैं। सत्र ने रचनात्मक संवाद और एक जिम्मेदार कर संस्कृति के लिए आपसी प्रतिबद्धता को बढ़ावा दिया। इस मौके पर आयकर विभाग से जुड़े अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में शामिल होंगे अधिक से अधिक किसान



**कुरुक्षेत्र, 28 मई ( सुदेश कुमार ) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, कुरुक्षेत्र के वरिष्ठ समन्वयक डॉक्टर बलजीत सिंह सहारण ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई 2025 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीभगवत गीता सदन सभागार में हरियाणा सरकार के तहत अभियान का शुभारंभ होगा । इस अभियान के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे और इस प्रोग्राम की अध्यक्षता प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक देशव्यापी स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग और अन्य संबद्ध विभाग की टीम गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद करेगी। इस अभियान में 731 कृषि विज्ञान केंद्रों और 113 संस्थानों के वैज्ञानिक-विशेषज्ञ तथा राज्यों और अन्य कृषि विभाग भी शामिल रहेंगे। यह अभियान 700 से ज्यादा जिलों में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही इसमें कृषि, बागवानी, पशुपालन, मछली पालन आदि विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं नवोन्मेषी किसान भी शामिल रहेंगे। इस अभियान का लक्ष्य 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद करना है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान का हिस्सा बनकर कृषि और कृषि से संबंधित जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाएं।

## गांव मंगलपुर में चार अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**करनाल, 28 मई ( सुनील कुमार ) :** जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि गत दिवस गांव मंगलपुर में 4 अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मंगलपुर स्टेडियम के पास लगभग 3.25 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में सभी कच्ची सडकों व 24 डी.पी.सी. के विरूद्ध तोडफोड़ की कार्यवाही की गई। दूसरी अवैध कॉलोनी मंगलपुर गांव लगभग 2 एकड़ में में पनप रही थी इस अवैध कॉलोनी में सभी पक्की सड़को व 8 डी.पी.सी. के विरूद्ध तोडफोड की कार्रवाई की गई। तीसरी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 2 एकड़ में फैली हुई जिसमे सभी कच्ची सड़को व 6 डी.पी.सी. के विरूद्ध तोड़फोड की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार चैथी अवैध कॉलोनी जो कि लगभग 1.25 एकड़ में फैली हुई है। जिसमें सभी पक्की सड़कों व 9 डी.पी.सी के विरूद्ध तोड़फोड की कार्रवाई की गई ,तथा एक अवैध निर्माण को सील किया गया । कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार व डयूटी मजिस्ट्रेट व थाना सैक्टर- 32-33 करनाल की पुलिस फोर्स उपस्थित रहे। जिला नगर योजनाकार ने लोगो से अपील की कि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई निर्माण नहीं करें अन्यथा कार्यालय द्वारा तोडफोड़ की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माणों के विरुद्ध किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी व तोडफोड़ की कार्यवाही जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज करवाये जायेंगे।

## संशोधित आबकारी नीति के तहत ई-निविदाएं 30 से

**करनाल, 28 मई ( सोनी दुआ ) :** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त नीरज ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-27 के लिए आबकारी नीति में संशोधन किया है जो तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। संशोधन प्रावधानों का उद्देश्य नई नीति के तहत खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए भागीदारी को बढ़ाना और बोली प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है। उन्होंने बताया कि आबंटन के दिन जमा की जाने वाली प्रारंभिक सुरक्षा राशि को तीन से घटाकर दो प्रतिशत किया गया है। क्षेत्र के लिए कुल जमा राशि को लाइसेंस शुल्क के 15 प्रतिशत से घटाकर 11 प्रतिशत किया गया है। उन्होंने बताया कि बोलीदाता अब बोली राशि का केवल 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि (पहले 7 प्रतिशत) जमा करने के बाद ही कोटा उठाना शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लाइसेंस शुल्क का 91 प्रतिशत अब मासिक किस्तों में देय है, शेष 9 प्रतिशत जमा की गई सुरक्षा राशि को पॉलिसी वर्ष के अंतिम दो महीनों में समायोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त संशोधन के मद्देनजर करनाल जिला के लिए पहले घोषित(28 से 30 मई) ई-टेंडरिंग कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। नये कार्यक्रम के अनुसार 30 मई को सुबह 9 बजे ई-निविदाएं शुरू हो जाएंगी और ये 31 मई 2025 को शाम चार बजे बंद हो जाएंगी। इन ई-बोलियों का मूल्यांकन 31 मई 2025 को शाम पांच बजे किया जाएगा। उन्होंने सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी है कि वे अधिकारिक वेबसाइट .www haryanatax.gov.in पर उपलब्ध संशोधित आबकारी नीति 2025-27 को ध्यान से पढ़ें और संशोधित नियमों व शर्तों का पालन करें। पंजीकरण व जमा कराने की प्रक्रिया के बारे में आवश्यक मार्गदर्शन व सहायता उप आबकारी व कराधान आयुक्त(आबकारी) करनाल के कार्यालय में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए उप आबकारी व कराधान आयुक्त(आबकारी) करनाल (E-mail id-detcxknlv1@gmail.com and contact nuber 0184-2265709) से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संशोधित आबकारी नीति के अनुसार जिला करनाल को 54 जोन में आवंटित किया गया है जिनका आरक्षित मूल्य 580 करोड़ 36 लाख रुपये है। जिला का देसी शराब का कोटा 139,91,660 पीएल, अंग्रेजी शराब का 47,14,290 पीएल और आयातित अंग्रेजी शराब का कोटा 47,665 पेटी है। नई आबकारी नीति 21 महीने (12 जून 2025 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए निर्धारित की गई है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर : डॉ. शकुंतला दहिया



**कलायत, 28 मई ( सूबे सिंह ) :** हरियाणा योग आयोग (हरियाणा सरकार) एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में राजकीय व निजी विद्यालयों के पीटीआई एवं डीपीई को योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम जीपीएस कलायत में आयोजित किया गया, जिसका संचालन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन के समन्वयक आयुष विभाग कैथल के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉ. सुनिता जी रही। प्रशिक्षण में योग कॉर्डिनेटर आयुष योग सहायक विजेंद्र मोर, राममेहर, संदीप, सपना, सविता,पतंजलि से सुशील जी, साधुराम, सेफाली, देवांशी ने योग प्रोटोकॉल के महत्व को रेखांकित किया और ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम जैसे योगाभ्यास करवाए। डॉ. सुनिता ने बताया कि हरियाणा योग आयोग के प्रयासों से योग अब जन-जन तक पहुंच चुका है। योग और प्राणायाम शरीर की ग्रंथियों को संतुलित कर हार्मोनल स्राव को नियमित करते हैं, जिससे व्यक्ति मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि कलायत में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सभी विभागों के सहयोग से भव्य रूप में मनाया जाएगा, जिनमें मुख्य रूप से आयुष, शिक्षा, खेल विभाग शामिल होंगे। डॉ. शकुंतला दहिया ने कहा कि आयुष विभाग द्वारा आयोजित यह योग प्रोटोकॉल शिविर च्योग से आरोग्यज्ज् के लक्ष्य को लेकर चलाया जा रहा है। योग शरीर की कमजोरी को दूर कर उसे स्वास्थ्य की दिशा में अग्रसर करता है। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ प्रमोद जी, फार्मासिस्ट कमलेश जी , कांता जी, संदीप जी,आदि उपस्थित रहे। ये शिविर 26 व 28 मई दो दिन का रहा । सभी पीटीआई व डीपीआई अब 28 से 30 मई तक सभी स्कूल के बच्चो को प्रशिक्षण देगे।

# नशा करने वालों और नशा बेचने वालों को बक्शा नहीं जाएगा : राजेंद्र सिंह

**यमुनानगर, 28 मई ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के दिशानिर्देश अनुसार और डीएसपी रादौर आशीष चौधरी के मार्गदर्शन में जठलाना थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना में बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव ओर यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी।




नशे के बारे में बताते हुए बच्चों से कहा की नशा करने वाले व्यक्ति की समाज में कोई इज्जत नहीं होती नशा करने के बाद ही अपराधी बनते हैं बड़े-बड़े अपराधों को अंजाम देने में नशे का अहम रोल होता है।

कुछ लोग इस कदर नशा कर लेते हैं कि वह क्या कर रहे हैं उनको खुद पता नहीं चलता पुलिस द्वारा पकड़े जाने के पर वह पछतावा करते हैं लेकिन जब तक उन पर न जाने कितनी धाराएं लग जाती हैं और उस व्यक्ति का जीवन खराब हो जाता है क्योंकि अपराध अपराध है फिर चाहे वह नशे में किए गए हो या होश हवास में कानून सिर्फ अपराध देखता है ना की यह देखा है कि नशे में किए गए हैं या होशो हवास में नशे की लत कम उम्र में लगती है जब बच्चे स्कूल आदि में पढ़ते हैं यहीं से शरारती तत्वों के द्वारा इसकी लत बच्चों को लगा दी जाती है बाद में बच्चे नाश करने के लिए पैसे ना होने पर चोरी आदि का सहारा लेते हैं और एक बड़े क्रिमिनल बनते हैं।

यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया की 18 वर्ष से पहले कोई भी व्हीकल ना चलाएं व्हीकल चलाते समय अगर बच्चों से कोई भी हादसा हो जाता है तो उसके माता-पिता के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी 18 वर्ष पूरे होने के बाद प्रशिक्षण लेकर लाइसेंस बनवाकर उसके बाद ही वाहन चलाएं।

16 वर्ष की आयु में स्कूटी आदि चला सकते हैं दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें ट्रिपलिंग सॉरी से बचें। इस मौके पर दुर्गा शक्ति डायल 112 की नीलम ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया की डायल 112 आप लोगों की सहायता के लिए बनाई गई है इसका इस्तेमाल करें कहीं भी अनजान जगह पर जाने से पहले डायल 112 की ऐप पर पर अपने लोकेशन समझा करें ताकि आपके साथ कोई भी दुर्घटना या अनहोनी होने से आपको बजाया जा सके और बताया कि फेसबुक इंस्टाग्राम आदि चलाते समय कोई भी फ्रेंड रिक्वेस्ट आदि को रिसीव ना करें क्योंकि इसे आपकी सारी जानकारी अपराधी किस्म के व्यक्ति तक आसानी से पहुंच जाती है और बाद में वह अपराधी आपके साथ किसी भी अपराधी घटना को अंजाम दे सकता है बताया कि इंस्टाग्राम की चलाते समय आपकी लोकेशन तक हेक्नो तक पहुंच जाती है जो आपको या आपके परिवार वालों को ब्लैकमेल तक कर सकते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता रानी ने बच्चों को बहुमूल्य जानकारी देने के लिए थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह और एएसआई नीलम का धन्यवाद किया और कहा की आपके इन प्रयासों से बहुत से बच्चों के साथ अपराध होने से बचेगा और बच्चे सही मार्ग पर चलेंगे। इस मौके पर जसवीर सिंह, मनीष तंवर, सुधीर कुमार कांस्टेबल इन्दू, कांस्टेबल पूनम आदि मौजूद रहे।

# गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व से पहले चल रहा है सुखमणि का पाठ





**करनाल, 28 मई ( संदीप रोहिला ) :** सिख पंथ के गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी पर्व को लेकर गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में सुखमणि साहिब का पाठ चल रहा हैं। शहीदी पर्व को लेकर पिछली 15 मई से गुरुद्वारे में सुखमणि साहिब का पाठ किया जा रहा हैं। यह पाठ स्त्री सत्संग सभा मंजी साहेब गुरुद्वारा द्वारा गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के सहयोग से किया जा रहा हैं। यह पाठ स्त्री सत्संग सभा मंजी साहिब गुरुद्वारा की प्रधान सुरिंदर कौर की अगुवाई में किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी पर्व और उनके द्वारा दी गई शहादत को याद करने के लिए पिछले चालीस दिनों से श्री सुखमणि साहिब का पाठ चल रहा हैं। उन्होंने बताया कि गुरु अर्जुन देव जी महाराज ने मानवता की रक्षा के लिए तपते अंगारों पर बैठ कर शहादत दी थी। उन्होंने गुरु अर्जुन देव जी के कार्यों और उनके द्वारा बताए रास्ते को याद करने के लिए शहादत से पहले चालीस दिनों तक सुखमणि साहिब का पाठ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौर में सतगुरु को पाने के लिए सुखमणि साहिब का पाठ सबसे बड़ा माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि इसके पाठ से अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है इससे शांति मिलती हैं। इस अवसर पर सुखमणि पाठ सभा सेक्टर-4 की सभा की पदाधिकारी भी मौजूद रही। इस अवसर पर रुपिंदर कौर, कुलदीप कौर, गरुप्रीत कौर, गुरमीत कौर सहित तमाम महिला धर्मालु मौजूद रही। इस मौक पर मीठे पानी की छबील भी लगाई गई तथा ब्रेड पकोड़े का लंगर बरताया गया। उन्होंने बताया कि 29 मई तक सुखमणि साहेब का पाठ किया जाएगा।

# पीने के लिए पानी को बनाया नहीं जा सकता है सिर्फ बचाना पड़ेगा : सोनू भट्ट

**कुरुक्षेत्र, 28 मई ( सुदेश कुमार ) :** अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पीने के लिए पानी को बनाया नहीं जा सकता है, सिर्फ बचाया जा सकता है। बरसाती पानी को भूमि में भेजने के लिए बोरवाल लगाया जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए। वृक्ष पानी को बहने से रोकेंगे और भूमि में पानी भेजने का काम करते हैं। साथ ही बरसात लाने में भी पेड़-पौधे ही सहायक हैं। उन्होंने कहा कि पानी बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों की जरुरत है। इसके लिए टूंटी को खुली ना छोड़े, नहाते समय कम पानी का प्रयोग करें, ब्रुश व सेव करते समय नल बंद रखें। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट बुधवार को समग्र शिक्षा कार्यालय एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि मनुष्य लगभग 3 लाख वर्ष पहले आए थे, अब पानी बचाओ की जरूरत क्यों पड़ी। हमने ये बात गंभीरता से सोचने की जरूरत है। हमारे बुजुर्गों ने समुद्र देखे, तालाब देखे। हमने जोहड़-तालाब देखे, टूंटी देखी और अब बोलत देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूमि पर पानी की कमी नहीं है, पर पीने के लायक पानी की कमी है। सबसे ज्यादा पानी एग्रीकल्चर में प्रयोग हो रहा है। दूसरे स्थान पर उद्योगों में और तीसरी जगह हमारे घरों में प्रयोग हो रही है। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में 65 फीसदी पानी है। बिना पानी के हम मात्र 3 दिन ही जीवित रह सकते हैं। इसलिए पानी की बचत बहुत ही जरुरी है। घरों में प्रयोग होने वाले पानी का 40 फीसदी हिस्सा शौचालय में ही जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि भूमि से पानी का दोहन होने से हमारे एक के एक क्षेत्र डार्क जोन में जा रहे हैं। वेस्ट को नदियों में नहीं छोडना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल घरों में आरओ का पानी प्रयोग किया जा रहा है। आरओ पानी की प्रक्रिया के दौरान 4 लीटर पानी में से 3 लीटर वेस्ट निकालता है और 1 लीटर शुद्ध पानी के तौर पर दे रहा है। इसमें 75 फीसदी पानी नष्ट हो रहा है।



**कार्यक्रम में इन स्कूलों ने दी प्रस्तुतियां:**-जल शक्ति अभियान कैच द रेन 2025 कार्यक्रम में जल संचय जन भागीदारी थीम पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर ने नाटिका प्रस्तुत की। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र ने नाटय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना ने स्किट, पीएमश्री विद्यालय धुराला, धूलगढ़ गुलडेरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरमच के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर ने गायन और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुन्दरपुर ने नाटिका प्रस्तुत कर जल बचाने का संदेश दिए। इस मौके पर जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, जिला परिषद सीईओ शंभू, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, जिला परियोजना संयोजक संतोष चौहान, मुख्यवक्ता श्रीभगवान, सत्य भूषण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# पुलिस ने की किराएदारो व नौकरों की वेरिफिकेशन : अमित यशवर्धन

**हांसी, 28 मई ( मनमोहन शर्मा ):** एस.पी अमित यशवर्धन भा.पु.से. के कुशल नेतृत्व में कार्य करते हुए आज हांसी पुलिस ने पुलिस जिला हांसी में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए व्यापारिक संस्थान, उद्योग संस्थान, फैक्ट्री, होटल, ढाबा व रेस्टोरेंट पर कार्य कर रहें कर्मचारियों, मजदुरों की पुलिस वैरिफिकेशन की गई। एस.पी अमित ने सभी थाना प्रबन्धको, चौकी इंचार्जो को निर्देशित किया है कि अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले व्यापारिक संस्थान, उद्योग संस्थान, फैक्ट्री, होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व ठेकेदार के पास जितने भी कर्मचारी व मकानो में रह रहे किरायेदारो की वैरिफिकेशन जरुर करें। एस.पी अमित यशवर्धन भा.पु.से. ने बताया कि घरों में रह रहे किरायेदारों, फैक्ट्री, दुकानों, होटल, ढाबा इत्यादि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाएं। क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के लोग बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधों को अंजाम देकर भाग जाते हैं। उनका रिकॉर्ड ना तो मकान मालिक, ढाबा व होटल मालिक के पास होता और ना ही पुलिस के पास होता है। अगर पुलिस के रिकॉर्ड में पहले से जानकारी हो तो अपराधी की पहचान करने व पकड़ने में आसानी हो जाती है। किराएदार और नौकर का सत्यापन करवाने से आपको पता लग जाता है कि यह व्यक्ति जो आपके पास किराएदार है। वह किस प्रवृत्ति का है इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किराएदार व नौकरों का रिकार्ड सत्यापन जरूर करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकॉर्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। एस.पी ने कहा कि कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते वेरिफिकेशन जरूर करवाएं क्योंकि ऐसा करने से समाज सुरक्षित रहेगा।



# किसी भी सूरत में बख्शे नही जाऐंगे कोताही बरतने वाले कर्मचारी : भगवानदास कबीरपंथी



**तरावड़ी, 28 मई ( छाया शर्मा ) :** हल्का नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने बुधवार को सुबह करीब 11 बजे शहर की नगरपालिका का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नपा कर्मियों के हाजिरी रजिस्टर की जांच की। जिसमें सभी कर्मचारी मौके पर मौजूद मिले। उन्होंने नपा सचिव अजीत कुमार को निर्देश दिए कि कार्यालय में पहुंचे लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि लोगों के कार्यों को तुरंत प्रभाव से किया जाना चाहिए। कार्य करने में कोताही बरतने वाले कर्मचारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी जनता के लिए है, जनता कर्मचारियों के लिए नहीं। भविष्य में भी इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएं। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने संबंधित कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्ट्री की जांच पड़ताल की। उन्होंने एनओसी को लेकर आम लोगों को होने वाली परेशानी को लेकर कहा कि नगरपालिका में किसी भी नागरिक को कोई दिक्कत परेशानी नही आऐगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय अनुसार ड्यूटी पर आने के आदेश भी दिए। उन्होंने शहर के विकास को लेकर उन्होंने नगरपालिका के सचिव अजीत कुमार समेत अन्य अधिकारियों से भी विशेष बैठक की। इसके अलावा नगरपालिका के पार्षदों से शहर के अन्य आगामी समय में करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। इस अवसर पर नगरपालिका तरावड़ी के चेयरमैन विरेंद्र बंसल, पार्षद ओमप्रकाश मल्हौत्रा, पार्षद नरेश गाबा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम बंसल, रणजीत भारद्वाज व निजी सहायक सचिव राकेश चौहान समेत कई पार्षद मौजूद रहे।

# भव्य और ऐतिहासिक भगवान परशुराम जन्मोत्सव होगा रोहतक में : मोहन लाल बडौली

**सोनीपत, 28 मई ( विनोद ) :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव इस बार रोहतक के पहरावर गांव में भव्य और विशाल स्तर पर राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा। यह आयोजन 30 मई को प्रात: 10 बजे आयोजित होगा, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक निखिल मदान के साथ अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि यह आयोजन गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्था, पहरावर के परिसर में होगा, जिसमें प्रदेशभर से सर्व समाज की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी के बीच जोश और श्रद्धा की लहर देखने को मिल रही है। आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी समाजों की छोटी-बड़ी संस्थाएं तन-मन-धन से जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा संतों और महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाने की शुरुआत की गई।




तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के इस विचार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने और आगे बढ़ाया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बडौली ने वीर सावरकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी, विचारक और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने काले पानी की सजा जैसी अमानवीय यातनाओं को सहते हुए भी देशभक्ति की लौ को बुझने नहीं दिया। आज उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष लोगों की हत्या एक अमानवीय कृत्य था, जिसका माकूल जवाब भारत की सेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्तकियों का सफाया कर दिया। आज देशभर में इन बलिदानियों के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है।

# विकसित कृषि संकल्प प्रदेशव्यापी अभियान को लेकर तैयारियां पूरी : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 28 मई ( सुदेश कुमार ) :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा से विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 29 मई को सुबह 10 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार से करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कृषि बागवानी, पशुपालन एवं मत्सय विभाग हरियाणा की तरफ से 29 मई को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसलिए इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए है। इसके अलावा कार्यक्रम में कृषि विभाग की तरफ से कृषकों को निमंत्रण देने के साथ-साथ अन्य तमाम व्यवस्थाओं को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लगातार प्रयास है कि कृषि अनुसंधान को आगे बढ़ाया जाए और शोध तथा अनुसंधान के लिए सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। यह अभियान परिणाम उन्मूलन कार्यक्रम है, जिसका परिणाम खरीफ सीजन में उत्पादन वृद्धि और उत्पादन लागत में कमी के रूप में जल्द सामने आएगा। देश के वैज्ञानिकों से शोध क्षमता को वैश्विक स्तर पर सिद्ध करने की अपील सरकार की तरफ से की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में यह अभियान 29 मई से 12 जून तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद करेगी।

# राजकीय आईटीआई खरखौदा में 29 छात्रों का साक्षात्कार के आधार पर रोजगार में चयन

**सोनीपत, 28 मई ( विनोद ) :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खरखौदा में पास आउट छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्राचार्य संदीप कुमार अहलावत की अध्यक्षता में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि आईटीआई संस्थान देश को आत्मनिर्भर कौशल भारत बनाने में अहम योगदान दे रहे हैं। क्योंकि यहां पर कौशल का हुनर प्राप्त कर छात्र छात्राएं बड़े-बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों ( कंपनियों ) में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वह अपने कौशल के बल पर स्वयं के नए स्टार्टअप शुरू करें। रोजगार मेले में 13 औद्योगिक प्रतिष्ठानों( कंपनियों ) ने भाग लिया जिसमें 83 छात्रों को अप्रेंटिस एवं 29 छात्रों का साक्षात्कार के आधार पर चयन जॉब के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि खरखौदा में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र की वजह से यहां युवाओं के लिए रोजगार के अपार संभावनाएं हैं। विभाग का लक्ष्य रोजगार मेले का आयोजन करके युवाओं को रोजगार मुहिया करवाना है। ताकि आईटीआई करने के बाद छात्र बेरोजगार ना रहे। इस अवसर पर राजेंद्र नांदल, शमशेर गर्ग अनुदेशक जोगिंदर, राजेश गौतम, सहित सभी आईटीआई सदस्य व स्टाफ मौजूद रहा।



# श्री श्याम मंदिर के 53वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य निशान यात्रा

**हांसी, 28 मई ( मनमोहन शर्मा ) :** श्री श्याम मंदिर के 53वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में बुधवार को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में 2351 महिलाओं व पुरुषों ने श्री श्याम का जयघोष करते हुए मंदिर परिसर से निशान उठाये और शहर के मुख्य बाजार से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचे। इस भव्य निशान यात्रा का नेतृत्व श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने किया। अध्यक्षता रामअवतार गोयल और विजय गोयल सीसर वालों ने की। भव्य निशान यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया और दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाकर भक्तों को व्यंजन, ठंडा व मीठा पानी पिलाया। निशान यात्रा में भीड़ का नजारा देखने लायक था। शहर की परिक्रमा करके जब निशान यात्रा वापस मंदिर में पहुंची तो पहली पंक्ति मंदिर के अंदर थी और आखिरी पंक्ति लाल सड़क पर बने शहीद स्मारक के पास थी।



निशान यात्रा की लाइन करीब 700 मीटर लम्बी थी। निशान यात्रा के मौके पर प्रधान जगदीश राए मित्तल, विनय जैन, भागवत स्वरूप सिंगल, महेन्द्र गर्ग, गौरव जैन, लछमी कांत गर्ग, पप्पू खरडिया, मोहित मित्तल, सुनील मित्तल, अनिल गोयल, राघव गोयल (प्रवक्ता ) सहित काफी संख्या में श्याम भगत उपस्थित रहे। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि कल शहर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। यात्रा में इस्कान बहादुरगढ़, रोहतक और हिसार के भक्त हरिराम नगर संकीर्तन करेंगे। 30 मई को श्री श्याम रथ सवारी निकलेगी। रथ सवारी के दौरान मंदिर प्रांगण से तोरणद्वार तक भव्य इलेक्ट्रिक आतिशबाजी की जाएगी और 31 मई को पीसीएसडी स्कूल के प्रांगण में विशाल श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, कलकत्ता से सौरभशर्मा, जयपुर से आयुष सोमानी व फतेहाबाद से परविंदर पलक बाबा का गुणगान करेंगे। वहीं 1 जून को आयोजित एक शाम सावरें के नाम में साध्वी पूर्णिमा श्याम भक्तों को अपने गीतों से सराबोर करेंगी।

# मोदी सरकार के फैसले ऊंट के मुंह में जीरे के समान : बहादुर मेहला

**करनाल, 28 मई ( रविन्द्र मलिक ) :** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के एमएसपी में की गई बढ़ोतरी को नाकाफी बताया है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य को केवल 69 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। यह किसानों के साथ भद्दा मजाक है। अन्नदाताओं के प्रति मोदी सरकार की छोटी सोच एक बार फिर सामने आ गई है। उन्होंने कहा किसान नेता होने के नाते वह प्रधानमंत्री से सवाल करते हैं कि आखिर क्यों किसानों की आय अब तक दोगुणी नहीं कर सके। क्यों किसानों को लेकर मोदी सरकार हमेशा गलत नीतियां ही बना रही है। एमएसपी को लेकर किसानों ने बड़ा लंबा आंदोलन किया है और यह संघर्ष लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि किसान की आय डबल तभी होगी जब उसे खाद दवाइयां सस्ते दामों में मिलेंगी और फसलों का उचित लागत मूल्य दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के फैसले ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं, इससे किसानों को कभी लाभ नहीं मिल सकता। बहादुर मेहला ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों के हित साधने के लिए हमेशा संघर्षरत रही है।



# रोजगार मेले में 5 कंपनियों ने किया 30 युवाओं का मौके पर चयन : सविता लांबा

**सोनीपत, 28 मई ( विनोद ) :** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आईटीआई ), सोनीपत में एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 140 युवाओं ने भाग लिया और 30 युवाओं का मौके पर ही चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी सविता लांबा ने बताया कि रोजगार मेलों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। बुधवार को आयोजित रोजगार मेले में पांच प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से पुखराज हेल्थ केयर, आईसीआईसीआई बैंक, पीएसएन तथा अन्य कंपनियां शामिल रहीं। रोजगार मेले में आए 140 प्रतिभागियों में से कंपनियों द्वारा 30 युवाओं को इंटरव्यू के आधार पर मौके पर ही नौकरी के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर सहायक रोजगार अधिकारी कनव वनायक, आंकड़ा सहायक अजीत, लिपिक सागर, सुमित एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

